हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 22 मार्च 2025



**चिंता : जलस्तर सुधारने की दिशा में नहीं हो रहा कोई काम, शहर से लेकर गांव तक जलसंकट के हालात**

# तीन साल में पांच मीटर लुढ़क कर 20 मीटर पर पहुंचा जलस्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

जल ही जीवन है, जल है तो कल है जैसे नारे जिले में कमजोर पड़ते नजर आ रहे हैं। हर गुजरते साल के साथ जिले में बढ़ता जलसंकट देखने के बाद भी लोगों द्वारा इसमें सुधार के प्रयास नहीं होना चिंताजनक है। पिछले तीन सालों में ही जिले का औसतन जलस्तर 15 मीटर से लुढ़ककर 20 मीटर पर पहुंच गया है। स्थिति यहां तक पहुंच गई कि जिले के कई इलाकों में जलस्तर घटकर 38 मीटर जा पहुंचा है। हालत इसलिए भी और गंभीर है, क्योंकि शहरी इलाकों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण आबादी भी जलसंकट से जूझ रही है।

सरकारी आंकड़ों पर नजर डाले तो अभी गर्मी शुरू भी नहीं हुई है और अभी से ही जिले में सवा दो सौ से अधिक हैंडपंप सूख गए हैं। एक अनुमानित आंकड़े के अनुसार मई-जून तक यह संख्या तीन से चार हजार पहुंच जाएगी। यह आंकड़ा कुल हैंडपंप का 35 से 40 फीसदी है। ऐसे में समझा जा सकता है कि पानी के लिए आने वाले दिनों में कितनी जद्दोजहद बढ़ने वाली है। वहीं शहर की बात करें तो ढाई लाख से अधिक आबादी वाले राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र में जहां दोनों समय जलापूर्ति होती रही है। अभी मोहारा एनीकट में जलभराव की स्थिति कमजोर होने के चलते एक दिन की आड़ में ही दो टाईम पानी मिल पा रहा है। अभी भी यदि आमजन इस विषय को लेकर गंभीर नहीं हुई तो आने वाले सालों में हर एक बूंद के लिए जूझना पड़ सकता है।

### खास बातें

- जिले में सवा दो सौ से अधिक हैंडपंप सूखे
- आंकड़ा कुल हैंडपंप का 35 से 40 फीसदी
- आगामी दिनों में पानी के लिए करना होगा जद्दोजहद



### वाटर हार्वेस्टिंग नहीं

नियम के अनुसार नगर निगम हर एक भवन अनुज्ञा जारी करने के दौरान वाटर हार्वेस्टिंग लगाने की अनिवार्य शर्त रखती है। इसके लिए बकायदा एक रकम निगम हितग्राहियों से अनुज्ञा जारी करने के समय ही वसूल भी करती है, लेकिन राशि लेने के समय सजग रहने वाले निगम के अफसर राशि जमा होने के बाद वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के मामले में इतने अलर्ट नजर नहीं आते। यही कारण है कि सैकड़ों ऐसे प्रकरण हैं, जहां राशि जमा होने के बाद भी निगम ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाया है। ज्ञात हो कि वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगने से बरसात के पानी को जमीन के नीचे पहुंचाने का काम होता है। जिससे जलस्तर में भी कुछ हद तक सुधार होता है।

### डोंगरगढ़ में स्थिति अधिक खराब

जिले में इस साल के आंकड़े देखे तो औसतन 22.25 मीटर से लेकर 35.50 मीटर तक जलस्तर पहुंच गया है। इनमें डोंगरगढ़ ब्लॉक की स्थिति अधिक गंभीर है। यहां 28 मीटर से लेकर 38 मीटर तक जलस्तर पहुंच गया है। वहीं राजनांदगांव ब्लॉक में 12 से 36 मीटर, डोंगरगांव में 25 से 35 मीटर और छुरिया में 24 से 33 मीटर तक जलस्तर पहुंच चुका है। इतने नीचे जलस्तर पहुंचने का सीधा असर गर्मी के दिनों में पानी को लेकर हो रही समस्या पर पड़ रहा है। हैंडपंप की बात करें तो जिले में कुल 9487 हैंडपंप है। जिनमें से 206 गर्मी में सूखने की वजह से बंद हो गए हैं। इनमें डोंगरगढ़ में 2406 हैंडपंप में 80, राजनांदगांव में 2952 हैंडपंप में 27, डोंगरगांव में 1718 हैंडपंप में 25 और छुरिया में 2411 हैंडपंप में 74 हैंडपंप ड्राई हो गए हैं।

### खेती का पैटर्न बदलना जरूरी

गर्मी के दिनों में पानी की समस्या बढ़ने के पीछे धान की खेती में हुआ इजाफा भी है। हालांकि पिछले साल के मुकाबले इस बार कम किसानों ने कम रकबे में धान की फसल ली है, लेकिन पिछले एक दशक के मुकाबले धान की रबी फसल लेने वाले किसानों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। ज्ञात हो कि हर एक हेक्टेयर धान की फसल में 80 लाख लीटर पानी लगता है। इतना पानी चार सौ लोग सालभर उपयोग करते हैं। जबकि अन्य दलहन-तिलहन फसलों में इससे चार गुना कम पानी ही उपयोग होता है। यही कारण है कि अब किसानों को भी जलसंकट की इस समस्या से निवारण के लिए धान की जगह रबी सीजन में अन्य फसल लेने पर विचार करना चाहिए।

# पिकअप वाहन में पशु तस्करी, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



पिकअप वाहन में मवेशियों को ठूंस-ठूंस कर भरकर अवैध रूप से तस्करी की जा रही थी। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर वाहन को पकड़ा। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों से 8 पशु बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 20 मार्च को थाना गोटाटोला में मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम मचांदुर की ओर से एक महाराष्ट्र पासिंग पिकअप गाड़ी। जिसमें मवेशियों की तस्करी करते कत्लखाने महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है, जिस पर पुलिस गोटाटोला तालाब के पास पहुंचकर एनसीपी की कार्रवाई कर समस्त वाहनों का सघन चेकिंग कर रहे थे। उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पिताम्बर पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ताजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन में थाना गोटाटोला प्रभारी निरीक्षक संदीप टोप्पो के नेतृत्व प्रधान आरक्षक भरत मंडावी, किशोर कंगाली, विजय साहू, आरक्षक टिकेश निषाद, ओम राजपूत, प्रेम पटेल ने की।

### बाइक सवार कर रहा था पायलटिंग

चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति मोटर साइकिल लेकर आया, जिसे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम लखनलाल पाल 45 साल निवासी ग्राम केवटोला का होना बताया, जो पुलिस पार्टी को देखकर घबराने लगा। पूछताछ करने पर बताया कि वह मवेशी गाड़ी के आगे पायलटिंग का काम करता है और यदि पुलिस की गतिविधि दिखती है तो वापस मोटर साइकिल से लौटकर पिकअप दूसरी दिशा में रवाना कर देता है।

### 8 मवेशी बरामद, 3 पर कार्रवाई

तलाशी करने पर वाहन के अंदर 8 नग मवेशी पाए गए, जिन्हें आरोपी पिकअप वाहन में ठूंस-ठूंसकर भरकर बिना दाना-पानी व चारा एवं बिना मेडिकल उपचार सामग्री के यातायात नियमों का उल्लंघन कर विधि का पालन न कर मवेशियों को तस्करी कर कत्लखाने महाराष्ट्र की ओर ले जा रहे थे। तलाशी लेने के उपरांत पिकअप वाहन से 8 नग मवेशी को बरामद कर जब्ती की कार्रवाई किया गया। तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है।

### चेकिंग में पकड़ाया

सफेद रंग का पिकअप वाहन को रोककर वाहन चालक से पूछताछ किया, जो अपना नाम जयंत गोटा 42 वर्ष निवासी ग्राम बोरी थाना बेड़गांव जिला गढ़चिरोली महाराष्ट्र बताया तथा वाहन चालक के साथ एक अन्य व्यक्ति भी गाड़ी में बैठा था, जो अपना नाम विकेश काटेगा 22 वर्ष निवासी ग्राम हूडुकदुमा थाना बेड़गांव जिला गढ़चिरोली महाराष्ट्र बताया।

**जमीन लीज पर देना है**

श्रीराम मंदिर कमेटी बांधाबाजार की 20 एकड़ जमीन लीज पर देना है।

- संपर्क करें -
मो. नं. 9406483824, 9098529006

**संजीवनी** नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**स्पाईन विभाग**
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

**हड्डी रोग विभाग**
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ARTHROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

**GOAL®** Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

**1800+**
successful Students of Medical in chhattisgarh

**क्यो है गोल इंस्टीट्यूट पर छ.ग. का विश्वास**

- गोल के पास है छ.ग. के छात्रों की जरुरतों के अनुसार तैयारी कराने का 18 वर्षों का अनुभव।
- गोल छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार का भी ख्याल रखता है।
- गोल लेता है छ.ग. में सर्वाधिक टेस्ट, साथ में डाउट क्लास, बैकअप क्लास, रिविजन क्लास, सेमिनार, पर्सनल केयर इत्यादि।
- गोल के पास है छ.ग. का कोचिंग क्षेत्र में खुद का इन्फ्रास्ट्रक्चर गोल जीनियस कैम्पस।
- गोल छ.ग. में 1800 से ज्यादा मेडिकल में रिजल्ट और रैंक देने का साथ-साथ 100 % प्रमाणिक रिजल्ट के लिए जाना जाता है।
- गोल 11वीं व 12वीं के छात्रों के लिए स्कूल, कोचिंग और हॉस्टल की सुविधाएँ भी उपलब्ध कराता है।
- गोल करता है ऐकेडमिक के साथ-साथ पैरेंटल केयर।
- गोल में फैकल्टी स्थायी होते हैं जिससे छात्र सहज महसूस करते हैं।
- गोल जहाँ पर अनुभवी शिक्षकों और प्रबंधन के सदस्यों द्वारा नई शिक्षा पद्धति के अनुसार नये पैटर्न पर आधारित पूरे पाठ्य क्रम को रोचक तरिके से पढ़ाई जाती है।
- गोल सिर्फ टॉप रैंकर्स को ही नहीं बल्की साधारण छात्रों का भी केयर और सहीं दिशा-निर्देश के साथ आसाधारण रिजल्ट तक पहुंचाता है। इस लिए इसका नाम छात्रो और अभिभावकों को बीच में रिजल्ट फैक्ट्री के रुप में हुआ है प्रसिद्ध।
- गोल में हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैचों का संचालन किया जाता है, साथ ही कमजोर छात्रों के लिए विशेष शिक्षक की व्यवस्था की जाती है।

**गोल के छात्रों की बड़ी सफलता मेहनत और लगन ने रचा इतिहास**
GOAL'S NEET RESULT - 2024









**ADMISSION OPEN 2025-26**

| | | |
|---|---|---|
| **FOUNDATION** For 11th & 12th Classes Starts on 4th April 2025 | **PRE- FOUNDATION** For 9th & 10th Classes Starts on 4th April 2025 | **CRASH COURSE** For NEET-2025 Classes Starts on 28th & 31st march 2025 |
| **DROPPER BATCH** For NEET/JEE-2026 Classes Starts on May/June/July 2025 | **ACHIEVER BATCH** For NEET/JEE-2026 Classes Starts on June/July 2025 | **TEST SERIES** For NEET/JEE-2026 Test Starts on 1st week of July 2025 |

https://bit.ly/41FBd9k

| BHILAI | BHILAI | BHILAI | RAIPUR | BILASPUR |
|---|---|---|---|---|
| 166, NEW CIVIC CENTRE PH.: 0788-4013502 7415884100 | GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI PH.: 0788-4040300, 7772060999 | 139, ZONAL MARKET SECTOR-10, PH.: 0788-4064100 9826943595 | BESIDE VIDYA HOSPITAL SHANKAR NAGAR PH.: 0771-4060711, 9926454100 | 2ND FLOOR, AMBE TRADE CENTRE, CMD, LINK ROD PH.: 07752-320345 9424167109 |

GOAL BRANCHES : DELHI I PATNA I RANCHI I DHANBAD
website : www.goalinstitute.org, Email : goalinstitutebhilai@gmail.com, Facebook : goalinstitutebhilai

## खबर संक्षेप

### सचिवों की मांग पूरी करें सरकारः मदन



**डोंगरगांव।** जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू ने 21 मार्च को आंदोलित पंचायत सचिवों के बीच पहुंचकर आंदोलन और उनकी मांग को अपना समर्थन दिया। श्री साहू हड़ताल को जायज बताते हुए कहा कि भाजपा ने मोदी की गारंटी के सचिवों को नियमित करने का वादा किया था किन्तु सरकार बनने के बाद वादा खिलाफी करते हुए अब मांग पूरी करने में राज्य सरकार दिलचस्पी नहीं दिखा रही हैष। उन्होंने कहा कि सचिवों की हड़ताल के कारण नवनिर्वाचित सरपंचों को अब तक प्रभार नहीं मिला है वहीं ग्रामीणों को अन्य समस्या से जूझना पड़ रहा है जिसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। इस दौरान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामदुलार साहु, योगेश साहु, पुनमचंद साहु, कोमल साहू, निलेश गुर्वे, शशिकांत, मोनिका खत्री, ज्योति, राजकुमारी, विजय साहू, डेमन साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### पटेवा में गहराया जलसंकट



**पटेवा।** ग्राम पंचायत पटेवा में इन दिनों पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। जलसंकट की आहट जनवरी माह के शुरुआती दिनों से सुनाई देने लगी थी। ग्राम की नल जल व्यवस्था ठप्प है। ग्राम का जल स्तर नीचे चला गया है जिसके कारण हैंडपंपों से पानी निकलना बंद हो गया है। कुछ स्थानों पर पंप लगा है जो एक दो घंटे चलने के बाद बंद हो जा रहे है। लोगों को पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ रहा है। ग्राम में नल जल योजना शुरू होने के पहले लोग कुआं एवं हेंडपम्प से अपनी प्यास बुझाते थे, किन्तु कुओं की साफ सफाई नहीं होने से उनका अस्तित्व समाप्त होने के कगार पर है। कुछ कुओं को पाट दिया गया है। जलस्तर जिस तेजी से कम हो रहा है उससे तलाब भी सूख जाएंगे। तालाब सूखने के बाद मवेशियों के निस्तारी की समस्या गहरा जाएगी। पानी की समस्या को निजात दिलाने के लिए ग्राम पंचायत ने दो टैंकर की व्यवस्था किया है जिससे कुछ राहत मिली है। पानी की समस्या को देखते हुए तीन टैंकर की आवश्यकता महसूस किया जा रहा है ताकि सभी को पर्याप्त पानी मिल सके। ग्रामीणों ने पेयजल संकट को गंभीरता से लेते हुए निराकरण करने की मांग शासन से की है।

### होली मिलन आज

**डोंगरगांव।** छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा समाज डोंगरगांव तहसील का होली मिलन समारोह एवं नवनिर्वाचित सरपंच सम्मान समारोह कल 22 मार्च को सुबह 11 बजे सिन्हा भवन में रखा गया है।कार्यक्रम में नव निर्वाचित जिला संगठन पदाधिकारियों का भी सम्मान किया जाएगा।

## शराबी और लापरवाह शिक्षकों पर चला विभाग का डंडा

# थोक में शिक्षक सस्पेंड, एक बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिले में शिक्षा विभाग अब कार्रवाई को लेकर बेहद सख्त होता नजर आ रहा है। लगभग एक माह की अवधि में आठ शिक्षक और एक बाबू को निलंबित किया है। वहीं एक शिक्षक को बर्खास्त किया गया है। शिक्षा विभाग ने जिले में एक माह के भीतर दस कर्मचारी निलंबित किया है।

जानकारी के अनुसार गत 29 जनवरी को मोहला ब्लॉक के केंवटटोला पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों बिना अनुमति के बस्तर भ्रमण पर गए थे। वापसी के दौरान दुर्घटना होने पर शिक्षक राजकुमार भुआर्य की मौत हो गई थी और बच्चों को गंभीर चोंटे आई थी। इस मामले में विभाग ने जांच प्रतिवेदन उच्च कार्यालय को भेजा था। मामले की गंभीरता को देखते विभाग ने केंवटटोला के प्रधानपाठक भीमराव बारसागढ़े और विष्णुराम साहू संकुल समन्वयक को निलंबित किया है। शिक्षक दिलीप गोरे, बलवन हिरवानी और कोकिला मंडावी का एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोका गया है।

### शिक्षा विभाग ने विजय को किया बर्खास्त

मानपुर ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला मदनटोला में पदस्थ शिक्षक विजय कुमार लोन्हारे को विभाग ने बर्खास्त कर दिया है। शिक्षक विजय वर्ष 2021 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। विभाग द्वारा उन्हें बार-बार नोटिस देकर जवाब मांगा, परन्तु उन्होंने जवाब प्रस्तुत नहीं किया। मामले की गंभीरता को देखते शिक्षा विभाग द्वारा दो सदस्यीय जांच टीम गठित किया था जिसके समक्ष शिक्षक विजय जांच में उपस्थित नहीं हुए। जांच प्रतिवेदन के आधार पर और चार सालों से अनुपस्थित रहने पर विभाग ने उन्हें बर्खास्त कर दिया है।

### बीईओ से अभद्र व्यवहार

मानपुर ब्लॉक में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई हुई है। प्राथमिक शाला सेंडावाही में संलग्न शिक्षक संजीव कुमार साहू को अनुपस्थित रहने पर निलंबित किया गया है। प्राथमिक शाला सहपाल में पदस्थ प्रधान पाठक घुरऊराम मंडावी रहने की शिकायत पर निलंबित किया गया है। पूर्व माध्यमिक शाला चोरिया फुलकोड़ो में पदस्थ शिक्षक श्रीहरि को खंड शिक्षा अधिकारी से अभद्र व्यवहार के आरोप में निलंबित किया गया है।

### चार शराबी शिक्षक निलंबित, शिक्षक तीन साल में तीन बार निलंबित

शिक्षा विभाग ने शराब सेवन मामले में कार्रवाई करते हुए चार को निलंबित किया है जिसमें एक बाबू शामिल है। मानपुर ब्लॉक की प्राथमिक शाला बिरुपारा के देवलूराम जुरेशिया, प्राथमिक शाला पालेभट्ठी से शराब सेवन व चिकन बनवाने की शिकायत पर रोहित कुमार गोटे को निलंबित किया गया। विभाग के अनुसार रोहित कुमार गोटे तीन साल में तीन बार निलंबित हो चुके हैं। उनके विरुद्ध विभागीय जांच की जा रही है। इसी प्रकार मोहला ब्लॉक की पूर्व माध्यमिक शाला कुम्हली में पदस्थ शिक्षक पूरनलाल कंवर को अनुपस्थित रहने पर नोटिस दिया गया था।जवाब देने के लिए शिक्षक कंवर शराब सेवन कर कार्यालय पहुंचे थे। विभाग ने कार्रवाई कर निलंबित कर दिया है। अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के हाईस्कूल बूटाकसा में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 पुलस्य कुमार साव को अनुपस्थित और शराब सेवन के मामले में निलंबित किया गया। विभागीय कार्रवाई के बाद शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। कहा जा रहा है कि आने वाले समय में लापरवाह और भी शिक्षक कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं।

## जनप्रतिनिधियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़



युवा लोधी समाज सर्किल डोंगरगांव ने गत दिनों खैरी में होली मिलन एवं नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। मुख्य अतिथि लोधी समाज के संरक्षक गुलाब वर्मा, विशिष्ट अतिथि मूलचंद लोधी, एफआर वर्मा, जितेंद्र वर्मा, बीनाधर वर्मा, लोकेश वर्मा एवं राजू वर्मा थे। अध्यक्षता पुरुषोत्तम वर्मा ने की। इस दौरान मुख्य अतिथि गुलाब वर्मा ने कहा कि युवाओं का यह रचनात्मक कार्य समाज को संगठित करने वाला है। विशिष्ट अतिथि मूलचंद लोधी ने युवा टीम को रचनात्मक कार्य निरंतर करने प्रोत्साहित किया। श्री वर्मा ने युवाओं को विभिन्न गतिविधियों के साथ सामाजिक विकास के लिए शिक्षा पर जोर देने की बात कही। इस मौके पर सितेश वर्मा, लोकेश वर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन अगबर वर्मा ने किया।

कार्यक्रम में लोधी समाज डोंगरगांव सर्किल ने नवनिर्वाचित जनपद सदस्य, सरपंच एवं उपसरपंच का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में सुमरित वर्मा, बनवाली वर्मा, ओभी वर्मा, टेलसिंह वर्मा, लोकेश्वर वर्मा, ठाकुरराम वर्मा, चंद्रिका वर्मा आदि को मोमेंटो प्रदान किया गया। पूर्व युवा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा को भी सम्मानित किया गया।

इस दौरान बच्चों ने स्वागत गीत तथा नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान अगबर वर्मा, नवीन वर्मा, जीवधन वर्मा, अनिल वर्मा, रूपचंद वर्मा, कमलेश वर्मा, सुखेंद्र वर्मा, छबिलाल वर्मा, रेमन वर्मा, सुनील वर्मा, टिकेश्वर वर्मा, लीलाधर वर्मा, कमलेश वर्मा, उमेंद्र वर्मा, लकी वर्मा, विकास वर्मा, भूषण वर्मा उपस्थित थे।

## नपं को राहत, 45 लाख का बिजली बिल कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद नगर पंचायत को बड़ी राहत मिली है। नगर पंचायत के लंबित बिजली बिलों में 45 लाख 12 हजार 197 रूपए की कमी आई है। अब विद्युत वितरण कंपनी को नगर पंचायत से दो करोड़ 94 लाख 34 हजार 191 रूपए लेना है जबकि पूर्व में तीन करोड़ 39 लाख 46 हजार 388 रूपए का भुगतान करने कहा गया था।

उल्लेखनीय है कि नगर प्रशासन द्वारा कार्यालय, सड़क बत्ती, मोटर पंप आदि में बिजली का उपयोग किया जा रहा है किन्तु विभिन्न करों की अपेक्षित वसूली नहीं होने के कारण बिजली बिल का भुगतान नहीं हो पा रहा है। बकाया बिजली देयक साल दर साल बढते हुए तीन करोड़ तक पहुंच गया था। बिजली बिल से राहत दिलाने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग ने 2023 में विद्युत वितरण कंपनी को दो किश्त में एक करोड़ एक लाख 62 हजार आबंटित किया था। आबंटित राशि को नगर पंचायत के लंबित देयकों में समायोजित करना था। मोटी रकम आबंटित होने के बाद भी लंबित देयक में कमी नहीं आने के बाद सीएमओ ने समायोजित बिलों के बारे में जानकारी हासिल किया तो इस बात का खुलासा हुआ कि कंपनी ने राशि को ऐसे कनेक्शन के देयकों में समायोजित कर दिया था जो नगर पंचायत के नहीं थे।


नपं को भेजा 3 करोड़ 39 लाख जमा करने नोटिस
नपं को छोड़कर दूसरों के बकाया बिजली बिलों को कर दिया जमा

### खबर का असर

नगरीय प्रशासन विभाग से आबंटित राशि से अन्य देयकों को समायोजित करने को लेकर गत एक मार्च को हरिभूमि ने विस्तृत खबर प्रकाशित किया था। खबर को गंभीरता से लेते विद्युत वितरण कंपनी ने राशि के समायोजन में हुई चुक को सुधार लिया है। जानकारी के अनुसार कंपनी ने नगर पंचायत को फरवरी में तीन करोड़ 39 लाख 46 हजार 388 रूपए का बिल भेजा था किन्तु मार्च में दो करोड़ 94 लाख 34 हजार191 रूपए का बिल भेजा है जो पूर्व में जारी बिल में 45 लाख 12 हजार 197 रूपए का कम का है।

## नए भवन में शिफ्ट हुआ सहकारी बैंक

**डोंगरगढ़।** जयस्तंभ चौक में संचालित जिला सहकारी बैंक मार्केटिंग सोसाइटी के पास चला गया है। बैंक कार्यालय का उदघाटन 19 मार्च को जिला सहकारी बैक के अध्यक्ष सचिन बघेल के मुख्य अतिथि में हुआ । कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, शशिकांत द्विवेदी, दिनेश गांधी, मूलचंद लोधी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, प्रशांत कोडापे, सुरेन्द्र सिंग बन्नोआना, चंद्रिकाप्रसाद डडसेना उपस्थित थे। पूजा अर्चना कर श्री बघेल ने नए भवन का फीता काट कर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसानो को बेहतर सुविधा मुहैया कराना ही बैंक का उद्देश्य है। जल्द ही मांग के अनुरूप बैंक की नई शाखा खोलने का प्रयास किया जा रहा है। बैंक के माध्यम से योजना का लाभ अंतिम छोर के किसानों को दिलाने का प्रयास जारी है। बैंक के सीईओ प्रभात मिश्रा ने बताया कि 4 जिलों के 45 षाखा में 31 कृषि, 4 अमानत शाखा का संचालन हो रहा है। 4 बैंक लॉकर की सुविधा एवं 41 शाखा में एटीएम एवं माईक्रो एटीएम है। जल्द ही नेट बैंकिंग की सुविधा खाता धारको को दी जाएगी। कार्यक्रम में बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, जस्मितसिंग बन्नोआना, हीराराम वर्मा, बोधिराम साहू, गिरवर साहू, तामेश्वर साहू, सुरेश वर्मा, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, अमित जैन, सुनील जैन, देवेन्द्र मिश्रा, रमाकांत द्विवेदी, संगीता टेम्भुरकर, सविता दरगड, बैंक प्रबंधक डीआर नागपुरे, योगेश शर्मा, समिति प्रबंधक इश्वर श्रीवास, शिवानी साखरे, देवेन्द्र साखरे, मेनका आदि उपस्थित थे।

## गांव का बदल गया हल्का नंबर तीन साल से परेशान किसान

- ऑनलाइन सुधारने में लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ एलबी नगर

राजस्व विभाग की लापरवाही के कारण अनिया नवागांव के किसानों को विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। दो साल से परेशान हो रहे ग्राम के किसानों ने जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव के नेतृत्व में कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात कर अपनी परेशानियों से अवगत कराया।

ग्रामीणों ने कलेक्टर को अपनी शिकायत में बताया कि ग्राम की समस्त कृषि भूमि पहनं 19 लालबहादुर नगर मेंदर्ज हो गई है जबकि पहनं 09 में होना चाहिए। यह त्रुटि आनलाईन दर्ज करने के दौरान हुई है जिसकी वजह से ग्राम के किसानों को बीते दो वर्ष से फसल बीमा सहित अन्य योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे है। उन्होंने बताया कि ग्राम के किसान फसल बीमा नगद अथवा केसीसी के माध्यम से कराते हैं किन्तु सोसायटी जाने पर पता चलता है कि उनके ग्राम का नाम कहीं और चला गया है।



### तीन साल से भटक रहे

ग्रामवासियों ने कलेक्टर को बताया कि ऑनलाईन त्रुटि को सुधरवाने एवं अन्या नवांगांव की कृषि भूमि को पहनं 19 लालबहादुर नगर से हटाकर पुनः पहनं 09 में दुरूस्त करने आवेदन बीते दो साल से दे रहे हैं किन्तु अब तक सुधार नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि इससे पहले 19 दिसंबर 2022 को भी आवेदन दिया गया था। लंबे इंतजार के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि उनकी समस्या का समाधान नहीं होता है तो उन्हे मजबूरी में चक्काजाम आंदोलन करने विवश होना पड़ेगा। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के दौरान इश्वरी वर्मा, नरेश कुमार, फगवाराम, ब्रम्हानंद वर्मा, गणेश वर्मा, कौशल वर्मा, राजकुमार वर्मा, रामू वर्मा, अमृतलाल वर्मा, आत्मा वर्मा, सुरेश वर्मा, श्यामु वर्मा आदि मौजूद थे।

## शीतल लोढ़ा अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष बने संदीप






हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ओसवाल जैन श्री संघ का 20 मार्च को नए सिरे से गठन किया गया है। सामाजिक- धार्मिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नई कार्यकारणी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से पदाधिकारी का चयन किया गया।

गठन को लेकर आयोजित बैठक में सभी की सहमति से अध्यक्ष के लिए शीतल लोढा का चयन किया गया। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष लगन लोढा, मंत्री रमन नाहटा, कोषाध्यक्ष संदीप लोढा को बनाया गया। गठन के दौरान पारसमल लोढा, अशोक बोहरा, दिलीप नाहटा, इंदर लोढा, दिनेश नखत, राजकुमार बोहरा, किशोर बोहरा, भागचंद नाहटा, ललित लोढा, धरम बोथरा, मनीष बोहरा, हेमंत चोपड़ा, संतोष श्रीश्रीमाल, गौतम गोलछा, कमलेश नखत, मनोज संचेती, मनीष सोनी, नितिन टाटिया, मनीष बोहरा (गोलू), योगेश गोलछा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समाजिकजनों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## व्यवस्था दुरुस्त करने कर्मचारियों से संवाद

### सिस्टम समझ कर निर्देश दे रहे नगर अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई नगर को सुव्यवस्थित बनाने नगर पंचायत गंडई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो लगातार नगर पंचायत के सभी कार्यों को समझते हुए विधि संगत तरीके से निकाय के कर्मचारियों को निर्देशित कर रहे है।

इसी कड़ी में उन्होंने 20 मार्च को नगर पंचायत अंतर्गत आने वाले इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओ को लेकर चर्चा करते हुए कर्मचारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इंडोर स्टेडियम में आने वाले खिलाड़ियों, व्यायाम शाला में व्यायाम करने वालो का शुल्क तय कर इंडोर स्टेडियम को व्यवस्थित करने का प्रयास करेंगे।

इस दौरान उन्होंने निकाय के कर्मचारियों को समय पर निकाय आने और सभी कार्यो को सुचारू से पूर्ण करते रहने का निर्देश दिया। बता दें एक दिन पूर्व 19 मार्च को नगर अध्यक्ष ने गंडई नगर के सरकारी हास्पिटल का निरीक्षण किया और मरीजों का सुध लेते हुए हास्पिटल की व्यवस्थाओ पर चर्चा किया था।



नगर अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने बताया कि जब मैं निकाय पहुचा तो निकाय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। उन्होंने नगरवासियों से समय पर राजस्व का भुगतान करने की अपील की है। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष भिगेश यादव, पार्षद प्रतिनिधि मोहसिन खान, कांग्रेस नेता दामोदर जायसवाल, पार्षद अमन सोनी, तामेश्वर साहू,इंजीनियर लोकेश शर्मा एवं रवि अवस्थी उपस्थित थे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पहुंचे वनांचल

**गंडई पंडरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने हाल ही में वनांचल क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम आमगांव में आयोजित कबीर पंथ के प्रवचन में भाग लिया।

कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कबीर के उपदेशों को सुना। कार्यक्रम के बाद श्री ताम्रकार ने साल्हेवारा रेस्ट हाउस में साल्हेवारा मंडल भाजपा के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के विकास और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष निजाम सिंह मंडावी, मंडल अध्यक्ष शत्रोहन साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष परासर ठाकरे, देवसिंह ठाकुर, संतोष ठाकुर, जनपद सदस्य मन्नू मरकाम, ललित सोनी, प्रहलाद मरकाम, विष्णु ठाकरे, तुलसी यादव, देवलाल साहू, रमेश जंघेल, ओमलाल साहू आदि मौजूद थे। श्री तम्रकार ने वनांचल क्षेत्र के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और कार्यकर्ताओं से मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए योजना बनाई। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करना है जिसके लिए हर संभव प्रयास करेंगे।



## कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

# नवरात्र पर्व 30 से, तैयारियां होने लगी तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारी को लेकर ट्रस्ट परिसर में प्रशासन और ट्रस्ट समिति की संयुक्त बैठक आयोजित किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधिक्षक मोहित गर्ग, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ट्रस्ट सहित अन्य बैठक में शामिल हुए। आगामी 30 मार्च से 06 अप्रैल तक चलने वाले नवरात्रि पर्व के दौरान दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नीचे छिरपानी कार्यालय से उपर मंदिर तक बेहतर व्यवस्था बनाने पर जोर दिया गया। नीचे छिरपानी कार्यालय से इस बार दर्षनार्थियों के उपर जाने वाले मार्ग को सुलभ बनाने का निर्णय लिय गया है। पानी, सफाई, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, ट्रेफिक व्यवस्था, पुलिस व्यवस्था, पार्किंग एवं स्वास्थ्य व्यवस्था को पर विस्तार से चर्चा की गई। दर्शनार्थियों के वाहनों को निर्धारित पार्किंग में पार्क करने और निर्धारित शुल्क लेने के निर्देश दिए गए।




### 12 सौ जवान लगेंगे सुरक्षा में

नवरात्र के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से लगभग 1200 जवनों की ड्युटी लगाई जाएगी। ड्रोन के माध्यम से नजर रखी जाएगी। कलेक्टर, एसपी ने जनप्रतिनिधियों एवं शहरवासियों कोसे सहयोग करने की अपील की है।

### ज्योति कलशों की स्थापना 30 को

श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा चैत्र नवरात्रि पर्व 30 मार्च से 6 अप्रैल तक मनाया जाएगा। ज्योति स्थापना 30 मार्च को नीचे मंदिर, शीतला मंदिर में रात्रि 8.30 बजे एवं ऊपर मंदिर में रात्रि 7.30 बजे से होगी। सप्तमी 4 अप्रैल को ऊपर मंदिर, नीचे मंदिर में विशेष काल रात्रि अभिषेक मध्य रात्रि 11 बजे से 12.30 बजे के मध्य होगा। अष्टमी हवन 5 अप्रैल को ऊपर मंदिर में प्रातः 8 बजे एवं नीचे मंदिर, शीतला माता मंदिर में रात्रि 7.30 बजे से प्रारम्भ होगा। ज्योति विसर्जन 6 अप्रैल को ऊपर मंदिर में प्रातः 4 बजे एवं नीचे मंदिर, शीतला मंदिर में रात्रि 8 बजे से प्रारम्भ होगा। 30 मार्च को प्रातः 9 बजे नीचे एवं ऊपर मंदिर में दुर्गा सप्तसती का पाठ प्रारंभ होगा।

## वीरांगना के बलिदान को किया याद

- सामाजिकजनों ने अर्पित किया श्रद्धासुमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी का बलिदान दिवस क्षेत्र में गौरव पूर्ण तरीके से मनाया गया। इसी क्रम मे ग्राम भोरमपुर में लोधी समाज एवं ग्रामीणों ने रानी को श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कोमल जंघेल थे। उन्होंने समाज एवं ग्रामीणों के साथ वीरांगना रानी अवन्ति बाई की प्रतिमा मे पुष्पा अर्पित क़र श्रद्धांजलि अर्पित किया।

उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए श्री जंघेल ने कहा कि रानी अवन्ति बाई ने आजादी के लिए अपनी आहुति दिया था। कार्यक्रम में विष्णु वर्मा, खेमलाल वर्मा, अलखराम वर्मा, गोविंद वर्मा,



मकसूदन वर्मा, राधाश्यामा वर्मा, कमलेश वर्मा, मथुरा वर्मा, श्रीराम वर्मा, कृष्ण कुमार पटेल, पीलूराम, मंकुमार, रामधार, यादराम, मनोहर, कृष्णा सहित अन्य मौजूद थे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मानपुर नाका के आश्रित ग्राम दौजरी में गुरूवार को बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वीरांगना की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित किया गया। कार्यक्रम में जैनूल खान, डोगेन्द्र जंघेल, गोरेलाल जंघेल, नारायण गौंटिया, चन्द्रेश जंघेल, डा पारस जंघेल, सरवन जंघेल, घनश्याम जंघेल, तुकाराम जंघेल, टेकेन्द्र जंघेल, कैलाश जंघेल, अहिबरन जंघेल, गैंदलाल जंघेल, तुलाराम कश्यप, मोहन मंडावी, बसंत नेताम, गन्नू पोर्ते, किशुन मंडावी, अर्जून यादव, भैरो मंडावी, गिरधर मेंरावी, मदन नेताम आदि मौजूद थे।

# चौक-चौराहों से 8 मवेशियों की धरपकड़

## दुर्घटना से बचने मवेशी बांधकर रखने आयुक्त ने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर निगम का मवेशी धरपकड़ अभियान में नगर निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर घुमंतू व बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को पुराना रेस्ट हाउस रोड व स्टेशन रोड से 8 घुमंतू मवेशियों की धरपकड़ की गई। कल 9 मवेशी पकड़े थे। मवेशियों को रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है। उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। जिससे मवेशी चौक-चौराहों में घूमते एवं बैठे रहते हैं। जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओं के लिए भी खतरनाक है। पशु मालिकों की सजगता से ही दुर्घटना से बचा जा सकता है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने घुमंतू मवेशियों को पकड़ने टीम गठित की है। गठित टीम चौक-चौराहों से घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। आज की कार्रवाई में पुराना रेस्ट हाउस रोड, पंचशील होटल के सामने, स्टेशन रोड, पोस्ट आफिस के सामने एवं नंदई चौक से घुमंतू मवेशियों की धर-पकड़ के तहत 8 घुमंतू एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है एवं उन्हें छोड़ने पर 570-570 रुपए संबंधित से अर्थदंड लेकर मवेशी छोड़ा जाता है। कल लखोली चौक, लखोली रोड, जनता कालोनी, तुलसीपुर संगम चौक से 9 मवेशी पकड़ रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया था।

# कलेक्टर ने जिला अस्पताल निर्माण स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबेदंड के समीप बन रहे जिला अस्पताल स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने यहां जिला अस्पताल के साथ ही मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय, प्रयोगशाला कक्ष का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कार्पोरेशन को सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पताल निर्माण के लिए लाए गए सामग्रियों के उचित रखरखाव रखने कहा। सामग्री की सुरक्षा सुनिश्चित करने रात्रिकालीन सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान डीपीएम विकास राठौर, सब इंजीनियर सिद्धार्थ बाजपेई सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मटिया में होली मिलन आज

**डोंगरगांव।** शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव द्वारा कल 22 मार्च को 12 बजे से कर्मा भवन मटिया में महेंद्र बघेल के संयोजन में होली मिलन एवं साहित्यिक गोष्ठी रखा गया है। इस मौके पर महेंद्र बघेल की रचना उत्तर आधुनिक हवाएँ की समीक्षा की जाएगी। अनिल कसेर में इस आशय की जानकारी देते हुए सभी साहित्यकार व साहित्य प्रेमियों से उपस्थित होने की अपील की है।

# एनबीआईएस बोरी में पाजटिव पैरेंटिंग में विशेष सेमिनार आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में हैदराबाद के जाने माने बाल मनोविज्ञान विशेषज्ञ दंपत्ति शांति स्वरुप तथा मीरा स्वरुप द्वारा दो दिवसीय पाजटिव पैरेंटिंग विषय पर सेमिनार लिया जा रहा है।

संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा यह सेमिनार शाला के पालकों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है, क्योंकि वर्तमान समय में पालक अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। बच्चों के व्यवहार में होने वाले बदलाव, बच्चों का गुस्सा, बच्चों में अनुशासनहीनता स्पष्ट देखने को मिल रही है। इस सेमिनार में विशेषज्ञों द्वारा छोटे बच्चों से लेकर बड़े बच्चों के व्यवहार की सारी जानकारी, बच्चों को किस तरह उत्साहित करना, सही-गलत समझाया जाएगा। यह अवसर है, जब शिक्षक एवं अभिभावक मिलकर बच्चों को आगे बढाए। दो दिवसीय इस सेमिनार में 21 मार्च को पालको ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दिखाई। जिसमें पालकों के अनेक प्रश्नों के उत्तर विशेषज्ञों द्वारा दिए गए। इस सेमिनार के लिए नर्सरी से पांचवी कक्षा तक का समय सुबह 10 से 12 बजे तथा 6वीं से 12वीं कक्षा के लिए दोपहर 1.30 से 3.30 बजे तक का समय दिया गया है। डायरेक्टर श्री बाजपेयी का आग्रह है कि संस्था के ऐसे अभिभावक जो कल के सेमिनार में उपस्थित नहीं थे, वे आज अवश्य उपस्थित हों।

# विश्व जल दिवस



## विश्व जल दिवस का इतिहास

पूरे विश्व के लोगों द्वारा हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1993 में संयुक्त राष्ट्र की सामान्य सभा के द्वारा इस दिन को एक वार्षिक कार्यक्रम के रुप में मनाने का निर्णय किया गया। लोगों के बीच जल का महत्व, आवश्यकता और संरक्षण के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिये हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस के रुप में मनाने के लिये इस अभियान की घोषणा की गयी थी। इसे पहली बार वर्ष 1992 में ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन की अनुसूची 21 में आधिकारिक रुप से जोड़ा गया था और पूरे दिन के लिये अपने नल के गलत उपयोग को रोकने के द्वारा जल संरक्षण में उनकी सहायता प्राप्त करने के साथ ही प्रोत्साहित करने के लिये वर्ष 1993 से इस उत्सव को मनाना शुरू किया।

## पर्यावरण सुरक्षा अपने हाथ की बात...

## खुशहाली के लिए जल का संचय जरूरी

पानी आम जन की सबसे जरूरतमंद चीज है इसे सभी को बिल्कुल उपलब्ध होना चाहिए, पानी न होने से सभी का जीना मुश्किल हो जायेगा. यह विकराल समस्या है, इसे दूर करना चाहिए, बिना पानी सब सून कहावत का चरितार्थ गर्मी में होता है क्योकि गर्मी में पानी की कमी होती है, पानी को स्टोर करके रखना चाहिए, बच्चों द्वारा पानी का खर्च कम हो इसके लिए उन्हें पानी बचाने के उपाय बताना चाहिए। महिलाएं सबसे ज्यादा पानी खर्च करती है उन्हें पानी बचाने के उपयों की जानकारी देनी चाहिए, मैं रोज प्रयास करता हूं कि ज्यादा पानी की बचत हो, पानी को संचय करने के लिए गढ़ों का निर्माण करें।



**सुनील साहू**
चेयरमेन जल कार्य विभाग
नगर निगम राजनांदगांव

## जल का महत्व

पानी की आवश्यकता हर मनुष्यों को है। कहा भी गया है, जल है तो हम हैं या जल ही जीवन है। प्रकृति पर्याप्त जल प्रदान करती है ताकि मनुष्य खा सके और जीवित रह सके। हमारे पास जो कुछ भी है उससे भी ज्यादा होने का लालच रहता है। मनुष्यों ने अपने फायदे के लिए प्रकृति को परेशान करना शुरू कर दिया है। इसलिए प्रकृति के संरक्षण और विशेष रूप से पानी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय दिन की आवश्यकता थी जिस पर लोगों को प्रकृति के लिए बढ़ती समस्याओं से सतर्क किया जाये और पृथ्वी पर दुनिया हर दिन प्रदूषित होती जा रही है हमें यह जानना जरुरी है कि हम प्रदूषण को कैसे कम कर सकते हैं और हमारी प्रकृति को संरक्षित करते हैं।



**महेश देवांगन**
अधिवक्ता
राजनांदगांव

## पानी का दुरूपयोग न करें...



पानी आम जनजीवन की सबसे जरूरतमंद चजी है, आम जनजीवन को उपलब्ध होना चाहिए, मानव शरीर का 75 प्रतिशत भाग जल ही है पर्याप्त जल के बिना शरीर में रक्त प्रवाहित नहीं हो सकता, मनुष्य एक दिन भी पानी के बिना नहीं रह सकता, पानी क बिना मनुष्य की मृत्यु हो सकती है। जिन ग्रहों में पानी नहीं है वहां जीवन नहीं है, पानी अमूल्य है और इसका न होना या कम होना विकराल समस्या है, पानी की खपत कम करने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर सभी को प्रयास करना चाहिए, प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य बनता है कि घरों में उपयोग कम से कम करें, बच्चे नासमझ होते है, उन्हें सिखाना बड़ों का कर्त्तव्य है, बच्चों द्वारा पानी के दुरूपयोग के लिए पालक दोषी है, उन्हे ऐसी शिक्षा देना चाहिए कि पानी की बचत बचपन से ही करें।

**यू.के. रामटेके**
कार्यपालन अभियंता नगर निगम राजनांदगांव

## जल का संचय करें

वर्तमान परिदृश्य में यदि हम देखें तो आम आदमी की महती आवश्यकताओं में जल का स्थान सर्वोच्च रूप में दिखाई देता है, देश और प्रदेश की स्थितियों का आंकलन आम आदमी जल की उपयोगिता को समझ पा रहे है, पानी मनुष्य की पैदाईश से लेकर मृत्यु तक उसके जीवन में अहम भूमिका निभाता है, फिर भी उसकी उपयोगिता के संबंध में उसकी उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण आज चारों तरफ पानी की कमी का अहसास दिखाई देने लगा है, यदि इसी प्रकार की स्थिति लम्बे समय तक रहती है तो निश्चित ही आने वाले समय में पानी के लिए ही युद्ध हुआ करेंगे। नगरवासियों को पानी के संचय के लिए अपने-अपने घरों में हार्वेस्टिंग सिस्टम का उपयोग करना चाहिए, जिससे छत के ऊपर का पानी धीरे-धीरे जमीन के अंदर चले जाए जिससे जल सतह बना रहे।



**डॉ. सुचित्रा गुप्ता**
प्राचार्य, शासकीय दिग्विजय
कालेज राजनांदगांव

## पानी संचय के लिए जागरूकता जरूरी

पानी के संचय के लिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है, हर वर्ग के लोगों को पानी के दुरूपयोग को रोकने हेतु हर संभव प्रयास करना चाहिए, जब भी कोई पानी का उपयोग करता है तो उसे सोचना चाहिए कि कहीं पानी का दुरूपयोग तो नही हो रहा है, अगर जन सामान्य इस पर गंभीरता से विचार नहीं करेगा तो आने वाले समय में सरकारी तंत्र के प्रवास ही समस्या को दूर करने में काफी नहीं होगा, यह एक जन समस्या है। अत: इसे दूर करने में जन भागीदारी की जरूरत सबसे ज्यादा है, पानी बचाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग होना चाहिए, घरों में उपयोग कम करना चाहिए, जंगलों को नष्ट होने से बचाना चाहिए, वृक्षों के जड़ों के सहारे पानी जमीन में जाकर संचित होता है, लोगों की मानसिकता है ताजा पानी, लोग दूसरे दिन पहले दिन के बचे पानी को फेंके ना इसे संचित कर के रखें। पानी आम जनजीवन की सबसे जरूरतमंद चजी है, आम जनजीवन को उपलब्ध होना चाहिए, मानव शरीर का 75 प्रतिशत भाग जल ही है पर्याप्त जल के बिना शरीर में रक्त प्रवाहित नहीं हो सकता, मनुष्य एक दिन भी पानी के बिना नहीं रह सकता, पानी क बिना मनुष्य की मृत्यु हो सकती है। जिन ग्रहों में पानी नहीं है वहां जीवन नहीं है, पानी अमूल्य है और इसका न होना या कम होना विकराल समस्या है, पानी की खपत कम करने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर सभी को प्रयास करना चाहिए, प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य बनता है कि घरों में उपयोग कम से कम करें, बच्चे नासमझ होते है, उन्हें सिखाना बड़ों का कर्त्तव्य है, बच्चों द्वारा पानी के दुरूपयोग के लिए पालक दोषी है, उन्हे ऐसी शिक्षा देना चाहिए कि पानी की बचत बचपन से ही करें।





**मोरध्वज देवांगन**
बजरंगपुर नवागांव, वार्ड नं. 1
राजनांदगांव

## जल की उपयोगिता को समझे...



जीवन एवं सृष्टि का प्रारम्भ ही जल है, वर्तमान स्थिति में मेरी राय में वह स्थिति है कि यदि जागरूक होकर सावधानीपूर्वक जल स्त्रोतों का उपयोग करें तो भविष्य की विकराल स्थिति से बचा जा सकता है, सघन वृक्षारोपण एवं रोपित वृक्षों को संरक्षित कर उपवन में परिवर्तित करने में यदि हम सफल होते तभी वृक्षारोपण जलवायु को प्रभावित कर वर्षा कराने में सहायक होगी, छोटे-बड़े नालों में स्टॉपडेम निर्माण जल संग्रहण कर भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक होगी, रहवासी क्षेत्र चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो अथवा शहरी क्षेत्र गलियॉ में किये जाने वाला कांक्रीटीकरण भूजल स्तर को प्रभावित करता है। अत: गलियों में फ्रीकास्ट सीमेंट ब्लॉक से इंटरलाकिंग कर बरसाती पानी को जमीन में रिसने का अवसर प्रदान करें, पुराने तालाबों को साफ करने से भी भूजल स्तर बढ़ाया जा सकता है। पानी आम जन-जीवन की सबसे जरूरतमंद चीज है, आज जनजीवन को उपलब्ध होना चाहिए, मानव शरीर का 75 प्रतिशत भाग जल ही है पर्याप्त जल के बिना शरीर में रक्त प्रवाहित नहीं हो सकता, मनुष्य एक दिन भी पानी के बिना नहीं रह सकता, जिन ग्रहों में पानी नहीं है वहां जीवन नहीं है, पानी अमूल्य है और इसका न होना या कम होना विकराल समस्या है, पानी की खपत कम करने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर सभी को प्रयास करना चाहिए, प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य बनता है कि घरों में उपयोग कम से कम करें, बच्चे नासमझ होते है, उन्हें सिखाना बड़ों का कर्त्तव्य है, बच्चों द्वारा पानी के दुरूपयोग के लिए पालक दोषी है, उन्हे ऐसी शिक्षा देना चाहिए कि पानी की बचत बचपन से ही करें।

**जल संसाधन विभाग, राजनांदगांव**

# अफसरों ने बिल्डर के साथ सिडिकेंट बनाकर लगाया शासन को चूना

## अधिकारियों ने लगाया शासन को चून, नियम विरुद्ध दी मल्टीप्लेक्स निर्माण की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोहारा रोड के समीप निर्माणाधीन मल्टीप्लेक्स को लेकर नगर तथा ग्राम निवेश, राजस्व विभाग और निगम के अधिकारियों द्वारा नियमों को ताक में रखकर अनुमति देने का मामला सामने आया है। इस भ्रष्टाचार के मामले को लेकर सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी हासिल करने वाली रायपुर अधिवक्ता दमयंती मंडल ने राजनांदगांव प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए इस करोड़ों के भ्रष्टाचार को लेकर कार्रवाई की मांग की।

अधिवक्ता दमयंती मंडल ने कहा कि छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के अंतर्गत अधिसूचित निवेश क्षेत्र राजनांदगांव विकास योजना 2031 नंदई पटवारी हल्का नंबर 00041 नंदई चौक से मोहारा मार्ग जिसकी वर्तमान चौड़ाई 15.0 मीटर एवं राजनांदगांव विकास योजना पुनर्विलोकन 2031 में प्रस्तावित चौड़ाई 30.0 मीटर प्रस्तावित है। राजस्व विभाग एवं नगर तथा ग्राम निवेश राजनांदगांव द्वारा मिलीभगत कर अरबों रुपए का घोटाला किया गया है। राजस्व विभाग एवं नगर तथा ग्राम निवेश विभाग, अनु. अधिकारी, राजस्व तहसीलदार, पटवारी की मिलीभगत से शासन को चूना लगाया गया और किसी आम आदमी को कानों-कान खबर नहीं होने दी। उन्होंने बताया कि नंदई से मोहारा मार्ग की वर्तमान चौड़ाई 15.0 मीटर है। राजनांदगांव विकास योजना 2031 में 30.0 मीटर प्रस्तावित है, जिसे तात्कालीन उप संचालक सूर्यभान सिंह ठाकुर नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा जारी विकास अनुज्ञा पत्र में 30.0 मीटर/ अनुमोदित अभिन्यास में 45.0 मीटर मार्गाधिकार दर्शाते मल्टीप्लेक्स की अनुज्ञा जारी कर दी गई, जो कि भ्रष्टाचार की चरम सीमा है। यह भारतीय दंड संहिता की धारा 316 भा.न्या.सं. के तहत धोखाधड़ी की कार्रवाई है।

### नियमों का हुआ उल्लंघन

राजस्व संहिता 1959, नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के प्रावधानों उल्लंघन करते ग्राम-नंदई प.ह.नं-00041 को भूमि खसरा क्रमांक 1611/5, 1611/6, 1611/9 एवं 1611/10 कुल रकबा 0.437 हेक्टेयर भूमि जिसका भूमि उपयोग राजनांदगांव विकास योजना (पुनर्विलोकित) 2031 में प्रस्तावित मिश्रित अंकित है, विकास अनुज्ञा जारी किया गया। जिसमें उप संचालक सूर्यभान सिंह एवं राजस्व विभाग के अधिकारी लाल हो गए। दमयंती मंडल ने कहा कि इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराया जाकर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मामले में कार्रवाई नहीं करने पर उन्होंने कहा कि वे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी।




### कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

इस मामले को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। प्रशासन ने एसडीएम खेमलाल वर्मा को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

### 12 की जगह 6 मीटर

उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश राजनांदगांव द्वारा जारी विकास अनुज्ञा आदेश 02.08.2023 की कंडिका में स्पष्ट रूप से अंकित है कि भूमि विकास नियम 1984 के नियम 56(6) के प्रावधान अनुसार भूखंड के तीन ओर तथा सामने की ओर न्यूनतम 12 मीटर खुला क्षेत्र छोड़ा जाना आवश्यक है। जबकि नगर तथा ग्राम निवेष द्वारा अनुमोदित मानचित्र एवं नगर पालिक निगम द्वारा जारी भवन निर्माण अनुज्ञा में विकास योजना के प्रावधानों के विरूद्ध न्यूनतम 6 मीटर का प्रावधान किया गया है, जो कि नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 एवं नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का घोर उल्लंघन है।

---

## आक्टेव में शामिल होने महामहिम पहुंचे संगीत नगरी

# जनजाती विकास पर करें फोकस:डेका

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा संगीत विवि मे आयोजित तीन दिवसीय आयोजन के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका का पूरा दिन शहर में व्यस्त कार्यक्रम में गुजरा। सुबह धरमपुरा वार्ड स्थित मनोहर गौशाला में आयोजित गौ सेवा रत्न अलंकरण महोत्सव में राज्यपाल रमेन डेका विशेष रूप से शामिल हुए। गौशाला में गौमाता की विधिवत पूजा-अर्चना कर उनकी आराधना में भाग लिया। गौशाला के संस्थापक पदम डाकलिया ने गौशाला की विस्तृत जानकारी साझा देते हुए गौशाला की स्थापना, उद्देश्य और वहां की गतिविधियों के बारे में बताया गया।

गौ आरती में शामिल होने के बाद उन्होंने गौसेवा के महत्व पर विचार रखते हुए गौरक्षा और उनके संवर्धन की दिशा में निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। गौशाला परिसर का भ्रमण किया और गौवंश की देखरेख और सेवा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि गौ सेवा न केवल हमारी संस्कृति का हिस्सा है, बल्कि यह पर्यावरण और ग्रामीण जीवन के संतुलन को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर गौशाला प्रबंधन समिति सदस्यों सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जिन्होंने राज्यपाल के साथ गौ सेवा की महत्ता पर चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### कलेक्टोरेट में रोपा रूद्राक्ष

दो दिवसीय प्रवास को पहुंचे राज्यपाल रमेन डेका ने कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किया। श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद एक पेड़ मां के नाम पर रुद्राक्ष के पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस विशेष कार्यक्रम के दौरान दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल और वन मंडलाधिकारी आलोक तिवारी भी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य योजनाओं की ली जानकारी

जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में राज्यपाल रमेन डेका ने जिले के विकास कार्यों और योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई, जहां जिले में संचालित अमृत सरोवर योजना को लेकर जिला सीईओ ने बताया कि जिले में कुल 31 अमृत सरोवर है। राज्यपाल ने सरोवरों के आसपास पेड़ लगाने और जल संचयन के उपाय करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जल स्तर की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों को जल स्तर बढ़ाने और जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग के महत्व के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण से पर्यावरण संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

### वृक्षारोपण को दिया जाए बढ़ावा

मां के नाम पर एक पेड़ अभियान की समीक्षा के दौरान विभाग ने बताया कि अब तक जिले में 2,31,083 पौधे लगाए जा चुके हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से अपील की कि वृक्षारोपण के महत्व के बारे में नागरिकों को जागरूक किया जाए और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जाए। सहकारी संस्थाओं की समीक्षा बाद राज्यपाल ने कहा कि आम नागरिकों को समय पर योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए और उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जनजातीय और वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं का विकास करने और इन क्षेत्रों को मुख्यधारा में लाने के लिए उपाय करने पर जोर दिया।

---

निगम आयुक्त सफाई पर दे रहे जोर

# साफ-सफाई संबंधित शिकायतों का शीघ्र निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में उच्च स्थान प्राप्त करने निगम प्रशासन सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने जुटा हुआ है। जिसके तहत प्रतिदिन साफ-सफाई कर कचरा उठाया जा रहा है। नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ने फीडबेक लिया जा रहा है। साथ ही सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत कर उद्यानों व तालाबों आदि की विशेष सफाई की जा रही है।

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा स्वयं सफाई व्यवस्था की कमान संभाले हुए हैं। उनके नेतृत्व में नगर निगम का स्वास्थ्य अमला साफ-सफाई में विशेष ध्यान दे रही है। इसके तहत निर्धारित समय तक सड़कों, गलियों, नाली एवं नालों की सफाई कराकर कचरा उठाया जा रहा है। अनुपस्थित कर्मचारी एवं कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा नागरिकों से सफाई के संबंध में चर्चा कर फीडबेक लिया जा रहा है। साथ ही कर्मचारियों को हिदायत दिया गया है कि साफ-सफाई संबंधित शिकायतों का निराकरण करें। कहीं पर भी सफाई नहीं होने की शिकायत पर प्राथमिकता से उसे सफाई कराने निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि तकनीकी अधिकारी भी अपने-अपने प्रभरित वार्ड में सफाई व्यवस्था के साथ-साथ शौचालय मरम्मत तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त करने में लगे हुए हैं। कचरा बाहर न फैले, जिसके लिए शहर के चौक-चौराहों में डस्टबिन लगाया गया है। आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि भवन निर्माण करने वालों को मलमा सड़क में न रखने समझाईस दे रहे हैं तथा निर्माणाधीन भवन या आवास में ग्रीन नेट लगाकर कार्य करने समझाईस दे रहे हैं। अपालन पर संबंधित पर जुर्माना की कार्रवाई भी की जा रही है। तालाबों के आसपास व उद्यानों में विशेष साफ-सफाई रखा जा रहा है। जिससे स्वच्छ वातावरण निर्मित हो सके। नालों में जाली लगाया जा रहा है, ताकि कचरा रूक जाए और उसे आसानी से निकाला जा सके। इसी प्रकार स्वच्छता दीदीया घर-घर कचरा संग्रहण कर उन्हें स्वच्छता अपनाने तथा फीडबैक देने समझाईस दे रहे हैं एवं एसएलआरएम सेंटर में कचरा पृथककरण व पीठ में खाद निर्माण की प्रक्रिया में गति लाई जा रही है। आयुक्त ने नागरिकों से अपील करते कहा है कि स्वच्छता में सहभागी बने और घर-प्रतिष्ठान के

---

# दो करोड़ की अवैध शराब पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के विभिन्न थानों और पुलिस चौकियों की कार्रवाई में जब्त अवैध शराब को आज कलेक्टर और एसपी की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर नष्ट किया गया। इस नष्टीकरण की कार्रवाई में अविभाजित राजनांदगांव जिले के लगभग 13-14 वर्ष पुराने मामलों में जब्त प्रकरण के हजारों लीटर शराब भी शामिल थे।

शहर के सीआईटी कॉलेज के समीप मुक्तिधाम रोड के किनारे जिले के अलग-अलग पुलिस थाना और चौकी से किए गए कार्रवाई में बरामद लगभग 4 हजार लीटर से अधिक अवैध शराब का नष्टीकरण किया गया। जिले के अलग-अलग थानों से नष्टीकरण स्थल पर वाहनों के जरिये लाई गई शराब को कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग और आबकारी विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में नष्टीकरण की विधिवत कार्रवाई करते शराब की बोतलों पर बुलडोजर चलाया गया।



### एक्सपायरी हो गई थी शराब

कई वर्षों से विभिन्न थानों के मालखानों में रखी होने की वजह से अधिकांश शराब एक्सपायरी हो गई थी। पुलिस द्वारा न्यायालय के आदेश पर नष्ट किए गए इस शराब में अधिकांश शराब एक्सपायरी होकर जहरीली भी हो रही थी।

### बोतलें नष्ट

इस दौरान शराब की बोतलों को एक ताल पत्री पर अलग-अलग थानावार डाला गया और फिर इस पर बुलडोजर चलाकर सभी बोतलों को फोड़कर शराब नष्ट की गई।

### प्रक्रिया का पालन

नष्टीकरण की प्रक्रिया का पालन करते राजस्व, पुलिस और आबकारी विभाग की उपस्थिति में कार्रवाई की गई है। अवैध शराब के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

**- संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

### पुराने मामलों की शराब

विभिन्न थानों में जब्त की गई लगभग 4 हजार लीटर से ज्यादा अवैध शराब नष्ट किया गया है। इसमें 13-14 वर्ष पुराने मामलों में जब्त शराब भी शामिल है। उस समय इस शराब की कीमत लगभग दो करोड रुपए आंकी गई थी।

**- मोहित गर्ग,** एसपी

---

# सात माह से भुगतान नहीं, ठेकेदार लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खैरागढ़, अंबागढ़ चौकी और राजनांदगांव में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत कार्य कर रहे ठेकेदारों को विगत 7 माह से भुगतान नहीं किया गया है। जिसको लेकर ठेकेदारों में नाराजगी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा खासतौर पर बिल्डिंग का काम करने वाले ठेकेदारों का भुगतान दीपावली से नहीं किया गया है। वहीं होली त्यौहार पर भी भुगतान नहीं किया गया। जिसके चलते ठेकेदारों ने ज्ञापन सौंपकर भुगतान की मांग की है।

### सौंपा ज्ञापन

लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों ने कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपकर आगामी 31 मार्च तक भुगतान करने की मांग की है। इस अवसर पर ठेकेदार संघ के अध्यक्ष संजय सिंघी, सचिव आलोक बिंदल, कैलाश अहिरबार, विनोद जैन, उत्तम संचेती, सुरेन्द्र पांडेय, दुर्गेश शुक्ला, गौरव खंडेलवाल, भीखु भाई, लेखराम साहू, विनय सिंह आदि उपस्थित थे।




### शासन से लगाई गुहार

लंबे समय से भुगतान की मांग किए जाने के बाद भी भुगतान नहीं होता देख ठेकेदारों ने इस मामले में शासन से संज्ञान लेने का अनुरोध किया है। राशि का भुगतान नहीं होने से ठेकेदारों ने आर्थिक संकट के दौर से गुजरने का हवाला दिया है।

### ठोस आश्वासन नहीं

भुगतान नहीं होने के चलते प्रतिदिन ठेकेदार लोक निर्माण विभाग कार्यालय में पहुंचकर कार्यपालन अभियंता से भुगतान को लेकर निवेदन कर रहे, पर उन्हें भुगतान को लेकर कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया जा रहा है।फंड का अभाव बताकर भुगतान रोक दिया गया है।

---


## मुंह का ना खुलना

पान, तंबाकू सेवन के कारण मुंह का ना खुलना एक्सीडेंट में चोट या अन्य कारणों से मुंह का ना खुलना



कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कांस्मेटिक सर्जरी सेंटर

आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर

कॉल : 9827143060/8871003060

Ajay 9827144371


# छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मोहला।** छेड़खानी करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 मार्च की शाम परिवार के साथ खाना खाने के बाद प्रार्थिया अपने घर में पति तथा दो बच्चों के साथ सोई थी कि 16 मार्च के रात्रि लगभग 01 बजे दरवाजा को लात मारकर आरोपी पीड़िता के घर के अंदर घुस गया तथा बिजली बोर्ड के ग्रीप को निकाल दिया। जिससे कमरा में अंधेरा हो गया। आरोपी द्वारा पीड़िता के बच्चे का पैर दब जाने से वह रोने लगा, तब पीड़िता टार्च जलाकर देखी तो गांव के ही रमउ और विकेश थे, फिर वे लोग भाग गए, तब पीड़िता अपने पति को उठाई और बिजली बोर्ड में ग्रीप लगाने के बाद लाईट चालू कर जागे-जागे सो रहे थे। लगभग आधा घंटा बाद पुनः वही दोनों आरोपी षडयंत्रपूर्वक योजना बनाकर लाठी-डंडा लेकर आए और दरवाजा को पुनः लात मारकर अंदर घुसे तो पीड़िता उठ गई, तब पीड़िता से छेड़छाड़ की। पीड़िता के पति बीच-बचाव करने लगे तो रमउ ने पीड़िता के पति का गला दबा दिया और विकेश पीड़िता को घसीटते हुए कमरा के बाहर ले आया, तब पीड़िता और उसके पति दोनों उन लोगों से बचाव के लिए मुकाबला करते रहे। इसके बाद आरोपीगण भाग गए। पीड़िता के घर में उनका चप्पल और बेल्ट छूट गया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी रमउ परचापी और विकेश मंडावी 25 साल के खिलाफ रिपोर्ट की। रिपोर्ट अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

---

# कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज का होली मिलन 23 को

- कार्यक्रम में दोपहर पश्चात बैंसवारी फाग का रंगारंग आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज का होली मिलन समारोह 23 मार्च को स्थानीय कान्यकुब्ज सांस्कृतिक भवन खंडेलवाल कालोनी कौरिनभाठा राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। आयोजन सुबह 11.30 बजे से प्रारंभ होकर शाम तक आयोजित होगा।

इसमें राजनांदगांव नगर के अतिरिक्त डोंगरगांव, बांधाबाजार, अंबागढ़ चौकी, केसरीटोला इत्यादि क्षेत्रों से भी विप्रजन उपस्थित होंगे। आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं होली मिलन के साथ होगा। दोपहर भोजन पश्चात पुरूष एवं महिला मंडल द्वारा बैंसवारी फाग का रंगारंग आयोजन किया जाएगा। कान्यकुब्ज सभा के अध्यक्ष पं. प्रदीप मिश्रा एवं महिला मंडल अध्यक्ष ममता अवस्थी ने सामाजिक सदस्यों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।


## एजेंसी देना है...

हरिभूमि समाचार पत्र को खैरागढ़ के ग्रामीण सेंटर बाजार अतरिया, गातापार, जालबांधा, सलौनी, मंडला एवं पांडादाह में दैनिक हरिभूमि की एजेंसी देना है।

इच्छुक व्यक्ति सुरक्षा धन के साथ तत्काल संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय, राजनांदगांव
दुर्गा चौक राजनांदगांव
मो. 8319268069
9425565082

चैतेन्द्र तिवारी 'बंटी'
हरिभूमि संवाददाता
खैरागढ़
मो. 9329610524


---

## आरोपी के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज, फोन पे लिए थे प्रार्थी से 20 हजार रुपए

# 50 हजार नहीं देने पर चाकू से हमला, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रार्थी से पचास हजार रुपए की मांग करने व चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से लूटे गए रकम से 4000 रुपए पुलिस ने बरामद किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 मार्च की रात्रि 11.15 से 11.40 बजे तक मानव मंदिर चौक में खड़ा था। उसी समय आशीष पाण्ड्या आया और उसे घर छोड़ने की बात कहकर इसके मोटर साइकिल में बैठ गया और आरोपी को सागरपारा मंदिर के सामने ले गया। जहां पर आशीष पाण्ड्या उतरते ही अपने पास रखे धारदार चाकू को निकालकर प्रार्थी को 50,000 रुपए की मांग किया, नहीं देने आरोपी द्वारा प्रार्थी को जान से खत्म करने धमकी देकर प्रार्थी के उपर धारदार चाकू से हमला किया, तब प्रार्थी अपनी जान बचाने के लिए आशीष पाण्ड्या के मोबाईल में 20,000 रुपए फोन पे किया और प्रार्थी जैसे-तैसे कर वहां से अपना जान बचाकर भागा। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 119(2), 309(1), 309(2), 309(3) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### तीन घंटे के भीतर पकड़ाया

गठित टीम द्वारा आरोपी आशीष पाण्ड्या 31 साल निवासी लालबाग प्रभात नगर को महज 3 घंटे के भीतर हिरासत में लेकर आरोपी से पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपी के कब्जे से लूटे हुए रकम में से 4,000 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू जब्त कर किया गया। माननीय न्यायालय से आरोपी को जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया। इस मामले में एसपी मोहित गर्ग के निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में आरोपी की पता तलाश हेतु थाना स्तर में टीम गठित कर टीम को अलग-अलग जगहों पर आरोपी की पतातलाश हेतु रवाना गया। उप निरीक्षक नरेश सार्वा, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू, प्रधान आरक्षक राजेश परिहार, दीपक जयसवाल, आरक्षक राजेश्वर बंदेश्वर, रूपेन्द्र वर्मा, आशीष मानिकपुरी, मोहसीन खान की आरोपी को पकड़ने में अहम भूमिका रही।







## दो दिवसीय भोरमदेव महोत्सव 26 व 27 मार्च को

# भोरमदेव महोत्सव की ऐतिहासिक धरोहर को सजाने में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक विरासत भोरमदेव महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। यह महोत्सव 26 व 27 मार्च को भव्य आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, लोक-कला और परंपराओं का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भोरमदेव महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण किया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र छवाई, डीएफओ शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, अपर कलेक्टर डॉ मोनिका कौड़ों सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। भोरमदेव महोत्सव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि भोरमदेव महोत्सव के शुभारंभ और समापन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित सांसदों और अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना प्रस्तावित है। महोत्सव के दोनों दिनों में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति भी रहेगी।

### भव्य मंच, आकर्षक लाइटिंग व उच्च स्तरीय साउंड व्यवस्था पर विशेष जोर



भोरमदेव महोत्सव को भव्य बनाने के लिए विशेष मंच निर्माण, आकर्षक साज-सज्जा, रोशनी की उत्तम व्यवस्था और उच्च कोटि के साउंड सिस्टम पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आगंतुकों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महोत्सव के दौरान बॉलीवुड, लोक कलाकारों की विशेष प्रस्तुतियां, पारंपरिक नृत्य-संगीत, हस्तशिल्प प्रदर्शनी और स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल मुख्य आकर्षण होंगे।

### भोरमदेव महोत्सव, आस्था, पुरातत्व और पर्यटन का संगम

मैकल पर्वत श्रृंखला की सुरम्य वादियों में स्थित भोरमदेव मंदिर, अपनी अद्भुत शिल्पकला और स्थापत्य के कारण छत्तीसगढ़ का खजुराहो कहा जाता है। यह मंदिर हजार वर्षों से अधिक समय से आस्था, संस्कृति और विरासत का केंद्र बना हुआ है। भोरमदेव महोत्सव न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पर्यटन को भी बढ़ावा देने में सहायक है। ऐसे में इस ऐतिहासिक आयोजन को यादगार बनाने के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक पूरी तन्मयता से तैयारियां की जा रही है।



# छात्राओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं, पानी टंकी बनी शोपीस

- नल टूट-फूटकर क्षतिग्रस्त हो चुके, जिम्मेदार बेपरवाह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

शासन प्रशासन द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पानी टंकी व नल का निर्माण सभी सरकारी स्कूलों में कराया गया, ताकि शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना का लाभ मिल सकें। लेकिन विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों की भारी अनदेखी के कारण स्कूल परिषर में लगे नल अत्यंत जर्जर और बदहाल हो चुके हैं, जगह-जगह टूटकर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। जिनके कारण स्कूली छात्र छात्राओं को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड कवर्धा व बोड़ला के स्कूली बच्चों को शासन प्रशासन की इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, जबकि युद्ध स्तर से स्कूली बच्चों की परीक्षाएं आयोजित की जा रही है।

ऐसी स्थिति में बच्चों को पेयजल की समस्या खड़ी हो रही है। बता दें कि शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला जेवडन खुर्द स्थित पानी टंकी सिर्फ और सिर्फ शोपीस बनकर रह गया है। वहीं दूसरी ओर विद्यालय परिषर स्थित हैंडपंप का वॉटर लेवल काफी नीचे चले गए है, जिससे रसोईयों को भारी परेशानी व दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है।

जिस पर ग्रामीणों व पालकों नें शिक्षा विभाग के अधिकारियों व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा समस्या का निराकरण, सुधार व मरम्मत की मांग की गई ताकि स्कूली क्षेत्र के ग्राम नाऊडीह, बीजाझोरी, दौजरी, बरबसपुर, हरिनछपरा, बाझीमौहा, जेवडन खुर्द, सिंघनपुरी, गांगचुवा, राम्हेपुर, चंदनपुर के शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र छात्राओं को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सके।

# सड़क किनारे रखे मटेरियल हादसे को दे रहा न्योता

## राहगीर व ग्रामीण हो रहे हादसे के शिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे-30 सड़क किनारे ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लाभावित हितग्राही निर्माण सामाग्री रेत, गिट्टी, छड़ व ईट सड़क किनारे डम्प कर रखे होने के कारण आवागमन करने वाले वाहन चालकों व ग्रामीणों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे में सुबह से देर रात तक वाहन व राहगीरों का आवाजाही लगा रहता है, वहीं पीएम आवास योजना के तहत रखे मटेरियल सड़क हादसे को न्योता दे रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा सड़क किनारे रखे गिट्टी, रेत तथा छड़ को व्यवस्थित रखने की मांग की गई ताकि राहगीरों को आवागमन करने में सुविधा तथा राहत मिल सकें।

# भावना चुनी गई इस सत्र की उत्कृष्ट विधायक, सहभागिता व जनहित के मुद्दों को सदन में रखने पर मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र 2024-25 के अंतिम दिन शुक्रवार को विधानसभा



अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने उत्कृष्ट विधायकों की घोषणा करते हुए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को वर्ष 2024-25 के उत्कृष्ट विधायक के रूप में उनके नाम की घोषणा की। भावना बोहरा ने वर्ष 2024-25 की अवधि में संपन्न हुए बजट सत्र, मानसून सत्र एवं शीतकालीन सत्र में विधानसभा में विभिन्न विषयों पर चर्चा के दौरान सक्रियता से भाग लिया, वहीं क्षेत्र एवं प्रदेश से जुड़ें प्रमुख मुद्दों और जनता के हित को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्याओं के समाधान व आवश्यकताओं को लेकर मुखर रही, इस दौरान उन्होंने कई ऐसे विषय भी उठाए जो जनता की मूल भावनाओं से जुड़े हुए थे। भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा सहित प्रदेश में संचालित हो रहे विकास कार्यों और योजनाओं के साथ-साथ सरकार का पक्ष भी रखा। वे लगातार विधानसभा में उपस्थित रहीं एवं सदन की गतिविधियों में सक्रियता से भाग लिया। भावना बोहरा ने इस वर्ष विधानसभा में पंडरिया विधानसभा सहित प्रदेश, महिला, युवा, उद्योग, शिक्षा जैसे विभिन्न विषयों से जुड़ें प्रश्न सदन में किया।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा की उत्कृष्ट जनता का आभार व्यक्त किया क्योंकि उत्कृष्ट विधायक बनने का अवसर उनके विश्वास, सहयोग और मार्गदर्शन से मिला है, उन्होने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का भी आभार व्यक्त किया। इन एक वर्षों में विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ एवं सदन के सभी सदस्यों से बहुत कुछ सिखने को मिला। विधानसभा सत्र की कार्यवाही में प्रक्रियाओं को समझने के साथ ही अपने क्षेत्र व प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों तथा जनहित के मुद्दों को विधानसभा पटल पर रखने का अवसर मिला।

### जनता ने जिस विश्वास से हमें एक जनप्रतिनिधि के रूप में जो अहम जिम्मेदारी दी है उनकी आवाज बनकर उठाती रहूंगी: विधायक

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि उत्कृष्ट विधायक का सम्मान मिलना मेरे लिए जितना गर्व का विषय है उतना ही मेरे लिए एक अहम जिम्मेदारी है, कि इस सम्मान के प्रति निरन्तर अपने दायित्वों को पूरा करती रहूँ जिसके लिए आश्वस्त करती हूँ कि जब भी मुझे अवसर मिलेगा पूरी तत्परता से क्षेत्र एवं प्रदेश से जुड़े मुद्दों, जनहित के विषयों को सदन के समक्ष रखती रहूंगी। हमारा यही प्रयास रहता है कि जनता ने जिस विश्वास से हमें एक जनप्रतिनिधि के रूप में जो अहम जिम्मेदारी दी है। उसे निभाते हुए उनके हितों की सुरक्षा, समस्याओं का निराकरण, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा क्षेत्र के विकास हेतु पूर्ण पारदर्शिता और जनजागरूकता के साथ कार्य करें। विधानसभा सत्र के माध्यम से हमें अवसर मिलता है कि हम अपने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को गति देने, जनता की समस्याओं को उनकी आवाज बनकर मुखरता से उनके निदान हेतु बात सरकार के सामने रख सकें ताकि उनका त्वरित निराकरण हो सके और जनता को सुविधाओं एवं योजनाओं का लाभ निरंतर बिना किसी अवरोध के मिलते रहे। उत्कृष्ट विधायक के चयन हेतु विधानसभा में चयन समिति होती है जिसके सदस्य विधानसभा अध्यक्ष, विधानसभा सचिव, मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष द्वारा पक्ष एवं विपक्ष से एक-एक उत्कृष्ट विधायक का चयन किया जाता है। इस चयन प्रक्रिया में सदस्य को चुनने हेतु वर्ष 2024-25 की अवधि में संपन्न बजट सत्र, मानसून सत्र एवं शीतकालीन सत्र में उस सदस्य के आचरण, संसदीय प्रक्रियाओं व परंपरा का पालन करने तथा विधानसभा अध्यक्ष के निर्देशों का पालन करने सहित सदन में होने वाले विभिन्न चर्चाओं, प्रश्नकाल, शुन्य काल जैसे होने वाले विभिन्न चर्चाओं में सक्रियता के साथ भाग लेते हुए अपनी उपस्थित दर्ज कराने पर चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से उत्कृष्ट विधायक का चयन किया जाता है।

# विप्र समाज का होली मिलन व सम्मान समारोह संपन्न

- समाज के पदाधिकारियों ने फूल माला पहनाकर किया भव्य स्वागत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई



नगर पंचायत पाण्डातराई में शुक्रवार मां महामाया मंदिर प्रांगण में विप्र समाज कार्यकारिणी अध्यक्ष अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें होली मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजित किया जिस पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी गई। वहीं नव-निर्वाचित पार्षद रामू पाण्डेय, ऋतु अखंडानंद मिश्रा, महली उपसरपंच सिद्धांत मिश्रा का विप्र समाज द्वारा होली मिलन कार्यक्रम एवं ब्राह्मण समाज के जनप्रतिनिधि का सम्मान किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से समाज के कार्यकरणीय अध्यक्ष अशोक पाण्डेय, नारायण मिश्रा, पूर्व समाज अध्यक्ष जुगल पाण्डेय, समाज कोषाध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, मां महामाया पुजारी प्रमोद पाठक, राजेंद्र शर्मा, घनश्याम तिवारी, हरिहर मिश्रा, पूर्व पार्षद बल्ला पाठक, नंदीघोष पाठक, प्रमोद पाण्डेय, बलदाऊ पाठक, अश्वनी तिवारी, मनोज तिवारी, भीषण तिवारी, मुन्ना तिवारी, देवेंद्र तिवारी, संजय शर्मा, पन्ना पाण्डेय, पिंटू पाण्डेय, शुभम तिवारी, शुभम पाण्डेय एवं गणमान्य नागरिक तथा ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### नाऊडीह में पांचवी के छात्र-छात्राओं की वार्षिक परीक्षा आयोजित



**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक स्कूल नाऊडीह में कक्षा पांचवी वार्षिक परीक्षा के द्वितीय दिवस अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। विद्यालय में कक्षा पांचवी की कुल छात्र छात्राओं की दर्ज संख्या 6 है, जिसमे सम्मिलित हुए परीक्षा में 6 बच्चे उपस्थित थें। यह परीक्षा 17 से 27 मार्च तक कक्षा पांचवी बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण के साथ आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर केंद्राध्यक्ष संपत लाल धुर्वे, पर्यवेक्षक कोमल साहू व स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# महतारी सदन भवन नव-निर्माण से ग्रामीण को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत बरबसपुर में महतारी सदन भवन नव-निर्माण कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा 24 लाख 70 हजार लागत राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है, वहीं स्वीकृति प्रदान होते ही ठेकेदार द्वारा नव-निर्माण कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है। वहीं क्षेत्र में महतारी सदन का निर्माण होने के बाद आसपास क्षेत्र तथा ग्राम पंचायत बरबसपुर के ग्रामीणों व नागरिकों को इसका लाभ मिलेगा। जिस पर भाजपा अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा पंचराम कोशले, शंकर बंजारे, रबेल पाटले, गोविंद गायकवाड़, गिरधारी टंडन, मुंगेश कोसरिया, विजय रात्रे, अजय आनंद, चैन खांडे एवं समस्त ग्रामवासियों में हर्ष व्याप्त है।

### विकसित नगर बनाने सभी जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिकाः घुरूवाराम

# नगर पंचायत पिपरिया में कई प्रमुख बजट पारित



हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

नगर पंचायत पिपरिया में शुक्रवार को नगर पंचायत सभागार में नव-निर्वाचित अध्यक्ष घुरूवाराम साहू की अध्यक्षता में प्रमुख रूप से वितीय वर्ष 2025-26 के आम बजट को पारित किया गया। बजट में प्रमुख रूप से वर्ष 2024-25 की वास्तविक आय 667.74 लाख प्राप्त हुआ तथा 516.90 व्यय किया गया। जिसमें नगर पंचायत पिपरिया को राशि 150.84 लाख रुपए का लाभ हुआ, जो लाभ बजट का है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु अनुमानित आय 1851.09 लाख तथा अनुमानित व्यय 1840.70 लाख का प्रावधान रखा गया।

नगर पंचायत पिपरिया में आय के स्त्रोतों में क्रमशः राजस्व से 112.04, विशेष स्त्रोतों से आय 13.10, अन्य स्त्रोतों से आय, नल जल से आय 18.50, शासन से संचालित योजनाओं से प्राप्त आय 3.50 व शासन से प्राप्त अनुदानों से प्राप्त आय 1681.30 जिसमें कुल आय 1851.09 तथा नियमित-दैनिक स्थापना हेतु कुल व्यय 155.9, शासन से संचालित योजनाओं में व्यय 3.50 एवं शासन प्राप्त अनुदान पर 1681.30 व्यय राशि प्रावधानित है। जिस पर श्री साहू द्वारा बजट भाषण के उद्बोधन में कहा कि नगर पंचायत पिपरिया को विकसित नगर बनाने में आप सभी जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका से ही नगर को स्वस्थ शहर, स्वच्छ शहर की ओर अग्रसर किया जाएगा। जिसके लिए छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा का अथक प्रयास रहा। उन्होने कहा कि नगर विकास को तीव्रता से आगे बढ़ाने हेतु छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक से आगे भी सहयोग की अपेक्षा रहेगा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कहें गए स्लोगन को पुनःदोहराते हुए कहा हमने ही बनाए हैं, हम ही संवारेंगें को चरितार्थ करने का भरपूर प्रयास करेंगे। बजट के अलावा कुल 07 एजेण्डा रखा गया था जिसे ध्वनि मत से पारित किया गया।

# पंचोराज यादव महासमिति का शपथ ग्रहण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

यादव समाज से नव-निर्वाचित पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत व नगर निगम जनपद एवं जिला पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह 22 मार्च को पंचोराज यादव महासमिति का शपथ ग्रहण एवं यादव समाज से नवनिर्वाचित त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजन मुंगेली में आयोजित किया जाएगा। जिसमें पंचोराज यादव महासमिति के नेतृत्व में शनिवार को सामुदायिक भवन मुंगेली में दोपहर 12 से नवनियुक्त यादव महासमिति का शपथ ग्रहण एवं यादव समाज से नवनिर्वाचित पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्ष व पार्षद का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई विधायक देवेंद्र ,यादव अध्यक्षता महामंत्री कांग्रेस संजय यादव, विशिष्ट अतिथि डॉ मंतराम यादव, पांच राज यादव महासमिति संतोष यादव, डॉ अंकालु यादव, डॉ ओंकार यादव, डॉ जगदीश यादव, डॉ अजीत यादव, फूलचंद यादव, डॉ सुखाऊ यादव, डॉ फागुराम यादव, बलराम यादव, ध्वजाराम यादव के गरिमामय उपस्थिति होगा। उक्त जानकारी प्रवक्ता सूरज यादव ने बताया कि शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में पंचोराज पंडरिया, कवर्धा, नवागढ़, लोरमी, विजईपुर के सामाजिक बंधु एवं ग्रामवासी गण बड़ी संख्या में उपस्थित होंगें।

**वनोपज:** वनवासियों ने शुरू किया महुआ का संग्रहण, करनी पड़ रही भारी मसक्कत

# वनोपज महुआ की मादकता से गमकने लगा अंचल का जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्रीष्म ऋतु के इस सीजन में जिले का वनांचल ईलाका महुआ की मादकता से दमक रहा है। वहीं फूलों से लदे बचे खुचे महुआ के पेड़ों को देख वनवासियों के चेहरों में भी चमक साफ दिखाई दे रही है और वे भोर फटने से पहले महुआ बीनने सपरिवार पेड़ों के नीचे पहुंच रहे है।

उल्लेखनीय है कि वनवासियों की आय का प्रमुख स्त्रोत मानी जाने वाली महुआ की फसल इन दिनों जंगल में तैयार हो चुकी है। फसल हाथ से न निकल जाए इस बात का ख्याल रखते हुए वनवासी भोर फटने के साथ ही पेड़ों के नीचे पहुंच जाते है और सूरज निकलने के साथ ही उनकी टोकरियां महुआ के फलों से लबालब भर जाती है। यहां बताना लाजमी होगा कि वनवासियों के लिए महुआ की फसल आय का एक प्रमुख जरिया है।

वे जंगलों में लगे महुआ के बचे खुचे पेड़ों के सहारे इस सीजन में इतना महुआ संग्रहण तो कर ही लेते है कि बारिश के 1-2 माह का गुजारा चल जाए। लेकिन उन्हें इस कार्य के लिए भारी मसक्कत करनी पड़ती है। पेड़ों से नीचे गिरे महुआ पर कोई दूसरा हाथ साफ न कर दे इसके लिए उन्हें भोर फटने से पहले ही बिस्तर छोड़कर जंगल की खाक छाननी पड़ती है। इसके अलावा तपती दोपहर में भी महुआ बीनने के लिए जंगल में ढेरा डालना पड़ता है। बावजूद उन्हें इस मसक्कत के दाम सही नहीं मिल पाते। वनवासियों द्वारा एकत्र की गई महुआ की फसल को व्यापारी काफी कम दाम में खरीदते है।

### जंगलों में नाम मात्र के बचे महुआ के पेड़



फाईल फोटो

वनवासियों की माने तो जिले के जंगलों में महुआ के पेड़ों की संख्या लगातार घट रही है। बहुउपयोगी महुआ की लकड़ी को मजबूत व चिरस्थायी मानते हुए लोग इसे दरवाजे, खिड़की आदि सामान बनाने काट रहे है। जिसके चलते जंगल में महुआ पेड़ों की संख्या काफी कम हो चुकी है। वनवासियों की माने तो एक समय था जब पूरा गांव भी जंगलों से महुआ एकत्र नहीं कर पाता था। लेकिन आज ऐसा नहीं है उन्हें महुआ के पेड़ खोजने पड़ते है और पेड़ मिल भी गया तो वहां पहले से कई लोग संग्रह करते नजर आते है।

# पंडरिया विधायक भावना को मिला उत्कृष्ट विधायक सम्मान

- क्षेत्रवासियों में हर्ष, समर्थकों ने जमकर मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई/कुकदुर



पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती भावना बोहरा को छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट विधायक के रूप में चयनित किया गया है। उनके द्वारा लगातार क्षेत्र की समस्याओं, जनसुविधाओं और विकास कार्यों को लेकर किए गए सक्रिय प्रयासों के कारण उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ है। उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। समर्थक एवं क्षेत्रवासी खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाईयां दे रहे हैं। विधायक भावना बोहरा को उनके निःस्वार्थ समाज सेवा कार्यों के लिए जाना जाता है। चाहे निःशुल्क एंबुलेंस सेवा हो, मोबाइल पैथोलॉजी जांच की सुविधा हो या गरीब और जरूरतमंदों के लिए सहायता – उन्होंने हमेशा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी है। उनका उद्देश्य राजनीति के माध्यम से समाज की सेवा करना रहा है, और इसी कारण वे जनता के दिलों में विशेष स्थान बना चुकी हैं। विधायक भावना बोहरा के कुशल नेतृत्व में हाल ही में हुए नगरीय एवं पंचायत चुनावों में अप्रत्याशित सफलता मिली है। यह जीत उनकी लोकप्रियता और प्रभावशाली नेतृत्व क्षमता को दर्शाती है। इस विजय से उनके समर्थकों में भारी उत्साह है, वहीं राजनीतिक विरोधियों को बड़ा झटका लगा है।

### जनता के लिए समर्पित नेतृत्व

भावना बोहरा का मानना है कि जनता की समस्याओं का समाधान और विकास कार्य उनकी प्राथमिकता हैं। वे सदैव क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाती हैं और उनके निराकरण के लिए तत्पर रहती हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों से जनता को बड़ी राहत मिली है, और इसी समर्पण के कारण वे छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक मजबूत एवं प्रभावशाली नेता के रूप में उभरी हैं।

### समर्थकों ने जताई खुशी, मनाया जश्न

उनके उत्कृष्ट विधायक चुने जाने की खबर के बाद क्षेत्र के लोगों और समर्थकों में जश्न का माहौल है। कई जगहों पर मिठाइयाँ बाँटी गईं, आतिशबाजी की गई और भव्य स्वागत समारोह आयोजित किए गए। समर्थकों का कहना है कि विधायक भावना बोहरा जैसा नेतृत्व पूरे छत्तीसगढ़ के लिए एक मिसाल है, और उनके प्रयासों से क्षेत्र का विकास निश्चित रूप से नई ऊँचाइयों तक पहुँचेगा। इस सम्मान के लिए विधायक भावना बोहरा ने जनता और समर्थकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह उपलब्धि उनकी नहीं, बल्कि पूरे पंडरिया क्षेत्र के लोगों की जीत है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे आगे भी इसी तरह समाज सेवा और जनहित के कार्यों के लिए समर्पित रहेंगी। कुई कुकदुर भाजपा के पदाधिकारी मण्डल अध्यक्ष बसंत वाटिया और जिला पंचायत सदस्य दीपा धुर्वे, उत्तम मर्सकोले, रतिराम भट्ट, कृष्णा कुंभकार, संतोष श्रीवास, सुधीर पाण्डेय, बहादुर सोनी, संजय जैन, दीपक सलूजा, राहुल जैन, दशरथ कुम्भकार, यशवंत श्रीवास, भगऊ धुर्वे, दुजराम यादव, मोहित मरावी, कृष्णा देवांगन सहित बड़ी संख्या में सभी कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित किया है।

## खबर संक्षेप

### डड़सेना कलार समाज की बैठक 25 मार्च को

**कवर्धा।** डड़सेना कलार समाज के जिलाध्यक्ष रूपेंद्र जायसवाल के निर्देशानुसार दिनांक 25 मार्च दिन मंगलवार को समय प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक राजमहल कॉलोनी कवर्धा स्थित सामाजिक भवन कवर्धा में बैठक रखी गई है। जिसमें आपकी उपस्थिति नियतांत आवश्यक हैं। सभी ग्राम प्रमुख, चारों परी क्षेत्र के समस्त पदाधिकारीगण, जिला के समस्त पदाधिकारीगण, सभी संरक्षक आजीवन सदस्यगण, सभी गांव के समाजीक बन्धुओं, युवा साथियों की उपस्थिति अनिवार्य एवं प्राथर्नीय हैं। जिलाध्यक्ष ने बैठक का विषय बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में नव नियुक्त सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान। (जनपद सदस्य, सरपंच, पंच, पार्षद), आजीवन और संरक्षक सदस्यों का सम्मान, वार्षिक सम्मेलन / युवक युवती परिचय सम्मेलन के आय-व्यय के संबंध में जानकारी। ग्राम, खैरबना, ग्राम बोड़ला के स्वजाति बंधुओं के आवेदन पर चर्चा, सामाजिक आवेदन का निराकरण, आगामी गतिविधियों पर परिचर्चा अन्य विषय पर परिचर्चा जिलाध्यक्ष की अनुमति से होगा।

### प्रधानमंत्री योग पुरस्कार के लिए नामांकन शुरू

**कवर्धा।** केन्द्रीय आयुष मंत्रालय ने प्रधानमंत्री योग पुरस्कार के लिए नामांकन शुरू करने की घोषणा की है। ये पुरस्कार योग के प्रचार व विकास में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों, संगठनों को मान्यता देते हैं। ये पुरस्कार राष्ट्रीय व्यक्ति, राष्ट्रीय संगठन, अंतरराष्ट्रीय व्यक्ति और अंतरराष्ट्रीय संगठन श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे, प्रत्येक विजेता को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र व 25 लाख रुपए नगद पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

# रासायनिक उर्वरकों के अग्रिम उठाव एवं पर्याप्त आपूर्ति के लिए विशेष निरीक्षण दल गठित

- उर्वरकों को उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर आगामी खरीफ वर्ष 2025 में रासायनिक उर्वरकों के पर्याप्त भंडारण, वितरण एवं गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उचित मूल्य पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर निरीक्षण दल गठित किया गया है। इस दल का मुख्य उद्देश्य खाद्य भंडारण, वितरण और अन्य अनियमितताओं पर कड़ी निगरानी रखना है। इस दल में श्री अखिलेश दत्त दुबे, सहायक संचालक कृषि को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, साथ ही अन्य सहायक अधिकारी भी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कार्य करेंगे। दल में जिला निरीक्षक सारांश शर्मा विकासखण्ड कवर्धा एनकेएस नरविरया, एसके अहिरवार, विकासखण्ड बोड़ला व्हीके यादव, पंकज दिल्लीवार, विकासखण्ड स.लोहारा आरसी भवेल, विकासखण्ड पंडरिया नरेंद्र चंद्राकर को नियुक्त किया गया है। कृषि विभाग ने सख्त निर्देश जारी किया है कि यदि खाद भंडारण, वितरण में अधिक दर पर विक्रय या अन्य कोई अनियमितता सामने आती है, तो तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग के उपसंचालक अमित मोहंती ने जिले के किसानों से अनुरोध किया जाता है कि वे गन्ना और आगामी खरीफ फसलों के लिए रासायनिक उर्वरकों का अधिक से अधिक अग्रिम उठाव सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से करें। यदि किसी सहकारी या निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों पर उर्वरक क्रय से संबंधित कोई समस्या या अनियमितता उत्पन्न होती है, तो वे गठित दल से दूरभाष या लिखित शिकायत कर सकते हैं। इसके माध्यम से दल उचित कार्रवाई करते हुए उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करेगा और अनियमितताओं पर रोक लगाएगा।

# सेमरकोना सड़क में जलभराव की समस्या से ग्रामीण परेशान, शिकायत पर भी कार्रवाई शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम बसनी से सेमरकोना जाने वाले मुख्यमंत्री सड़क मार्ग में जल भराव की गंभीर समस्या क्षेत्र के ग्रामीण परेशान और हलाकान है।

लेकिन दर्जनो शिकवा शिकायत के बाद भी उनकी समस्या को कोई समाधान नहीं की जा रहा है। जिसे लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। दरअसल स्थानीय ग्रामीणों की माने तो ग्राम सेमरकोना बस्ती में सड़क के पास एक वर्षो पुराना हैण्ड पंप है। जिसमें लम्बे समय से पानी निकल रहा है और यह पानी सड़क में एकत्र हो रहा है। लगातार सड़क में जलभराव होने से अब यहां तालनुमा गहरा गड्ढा हो चुका है जिसमें हर हमेशा पानी भरा रहता है। जिससे मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों और स्थानीय ग्रामीणों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा मार्ग में लगातार पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि वे इस संबंध में कई बार ग्राम पंचायत के समक्ष शिकवा शिकायत कर चुके है लेकिन आज पर्यंत इस समस्या का समाधान नहीं किया गया है। वहीं सड़क में हर हमेशा पानी भरे रहने के कारण सड़क भी लगातार जर्जर होते जा रही है। अब ग्रामीणों ने थक हार कर शासन-प्रशासन तथा पीएसई विभाग से व्यवस्था को दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।

## पुलिस अधीक्षक ने ली जनरल परेड की सलामी, परेड का किया निरीक्षण



**कवर्धा।** जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने जोराताल न्यू पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार आयोजित जनरल परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने परेड में उपस्थित सभी अधिकारियों और जवानों के अनुशासन और तैयारियों की सराहना की। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह के द्वारा किया गया। परेड के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने बेस्ट टर्नआउट होने पर अधिकारियों और कर्मचारियों को तुरंत पुरस्कार प्रदान किया, वहीं जिनका टर्नआउट खराब था, उन्हें अंतिम चेतावनी भी दी गई। इसके पश्चात, धर्मेंद्र सिंह ने न्यू पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार में आवश्यक अस्त्र-शस्त्रों एवं महत्वपूर्ण वस्तुओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंजू कुमारी, उप.पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला अखिलेश कौशिक, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया भूपत सिंह धनेश्री, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार तथा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारी व अधिकारी/कर्मचारी भी अधिक संख्या में उपस्थित थे।

# ग्राम तितरी और रानीदहरा में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत बोड़ला विकासखंड के ग्राम तितरी (रेगाखार जंगल) में 23 मार्च रविवार और रानीदहरा में 25 मार्च मंगलवार को सुबह 08 बजे सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। सामूहिक विवाह समारोह में अनेक जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा, जिससे उनके परिवारों को आर्थिक राहत मिली और सामाजिक सहयोग का माहौल बनेगा।जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी ने बताया कि बोड़ला विकासखंड के ग्राम तितरी (रेगाखार जंगल) में 23 मार्च को आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जनपद अध्यक्ष बोड़ला श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मेरावी, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, गजानंद यादव एवं श्रीमती बीरोबाई मेरावी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देंगे। बोड़ला विकासखंड के ग्राम रानीदहरा में 25 मार्च को आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष बोड़ला श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मेरावी, श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू, श्रीमती गंगाबाई लोकेचंद साहू, श्रीमती ललिता रूप सिंह धुर्वे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बोड़ला नंद श्रीवास, अध्यक्ष नगर पंचायत बोड़ला विजय पाटिल, उपाध्यक्ष नगर पंचायत बोड़ला लव निर्मलकर, मोहन धुर्वे, मिलूराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम धुर्वे, सरपंच ग्राम पंचायत बैरख सुधारी मसराम सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देंगे।

## स.लोहारा जनपद पदाधिकारियों व सदस्यों ने विधायक से की मुलाकात



**स लोहारा।** जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों ने पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा से रायपुर में भेंट की। पंडरिया विधानसभा से विधायक निर्वाचित होने के बाद लगातार जनहित, लोकहित के मुद्दों को विधानसभा के पटल पर प्रमुखता से अपनी बात रखने, सक्रिय जनप्रतिनिधि की भूमिका का निर्वहन करने के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज उत्कृष्ट विधायक के रूप में श्रीमती भावना बोहरा के नाम की घोषणा हुई है। निःसंदेह यह पुरस्कार क्षेत्र के लिए गौरव की बात है, उससे अधिक प्रेरणादायी है कि एक सजग और मुखर व्यक्तित्व के रूप में श्रीमती भावना बोहरा के चयन से पंडरिया विधानसभा का मान पूरे छत्तीसगढ़ में बढ़ा है। सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत के नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा सिंह, जनपद उपाध्यक्ष अशोक पटेल, जनपद सदस्य गण, ठाकुर सुदेश सिंह, हुकुम सिंह आदि ने रायपुर में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा से भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं सहसपुर लोहारा जनपद क्षेत्र में विकास कार्यों पर चर्चा की जिस पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने अपनी सहमति जताई।

**शिविर में कृत्रिम हाथ, श्रवण यंत्र, बैसाखी और कैलीपर्स वितरण किया**

# दिव्यांग सेवा शिविर से निःशक्तों के जीवन में नई खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कवर्धा के पीजी कॉलेज इंडोर में 20 मार्च को प्रारंभ हुए दिव्यांग सेवा शिविर का शुक्रवार को कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अवलोकन किया। इस शिविर का आयोजन बीजेएस द्वारा जैन समाज कवर्धा के सहयोग से किया गया है और यह शिविर 23 मार्च तक चलेगा। शिविर में दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम हाथ, पैर, श्रवण यंत्र, बैसाखी, कैलीपर्स, वाकर जैसे सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शिविर के अवलोकन के दौरान दिव्यांग सेवा शिविर में आए लाभार्थियों से उनके अनुभव साझा किए। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर दिव्यांगजनों के जीवन में एक नई उम्मीद और खुशी लेकर आते हैं, जिससे उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ती है। कलेक्टर ने कृत्रिम अंग निर्माण प्रक्रिया का भी अवलोकन किया और दिव्यांगजन को मिले नए अंगों के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री वर्मा ने आयोजकों की इस मानव सेवा के कार्य की सराहना करते हुए उनके द्वारा किए गए पुनीत कार्य को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही सराहनीय प्रयास है, जो दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लिए किया जा रहा है। यह शिविर न केवल उपकरणों का वितरण कर रहा है, बल्कि दिव्यांगजनों के आत्मविश्वास को भी बढ़ा रहा है। दिव्यांग सेवा शिविर के आयोजकों ने बताया कि शिविर में दिव्यांगजनों और उनके सहायक के लिए आवास और भोजन की व्यवस्था भी की गई है। इस आयोजन में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति की भागीदारी रही है, जो पूरे भारत में दिव्यांगजन के लिए सहायक उपकरण मुहैया कराती है। समिति की 41 शाखाएं देशभर में संचालित हैं, और उनके द्वारा निर्मित उपकरणों का इस्तेमाल 48 देशों में भी किया गया है। इस शिविर के माध्यम से सैकड़ों दिव्यांगजनों को न केवल शारीरिक रूप से सहायता मिल रही है, बल्कि मानसिक रूप से भी उन्हें एक नई उम्मीद और आत्मविश्वास मिल रहा है। इस आयोजन ने समुदाय में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा दिया है।

## निराश्रित मवेशियों को कब मिलेगा आश्रय..




**कवर्धा। नगर में विचरण करने वाले निराश्रित मवेशियों का** आखिर कब मिलेगा आश्रय, नगर के बस स्टैण्ड के आसपास बड़ी संख्या में निराश्रित मवेशियों का डेरा होने से आवागमन हो रहा है बाधित।